गुरुवार, 13 फरवरी 2025

**मौसम**

तापमान 32 – 19
आर्द्रता 62%
सूर्योदय: 6:10 सूर्यास्त: 17:32

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : खुशी आपके धन से नहीं मापी जाती, आपके संबंध से मापी जाती है।



महाकुंभ : माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई संगम में डुबकी -पृष्ठ 6

# ममता सरकार ने पेश किया 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट

- **सरकारी कर्मचारियों का डीए चार प्रतिशत बढ़ाकर 14 से 18 प्रतिशत किया गया**
- **ग्रामीण विकास पर सबसे ज्यादा दिया गया जोर**
- **'बांग्लार बाड़ी' योजना के लिए 9,600 करोड़ रुपये आवंटित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की ममता सरकार लोकलुभावन बजट के लिए जानी जाती है, लेकिन बुधवार को विधानसभा में पेश हुए वित्त वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में मनभावन योजनाओं की बौछार नहीं दिखी, जिसकी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस आखिरी पूर्ण बजट में उम्मीद की जा रही थी। 3,89,194.09 करोड़ रुपये (0.12 करोड़ के घाटे वाले) के इस बजट में बुनियादी ढांचे और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए ग्रामीण विकास पर सबसे ज्यादा जोर दिखा। वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पिछले साल की तरह इस बार भी राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) चार प्रतिशत बढ़ाकर उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश जरूर की। इसी तरह आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों को स्मार्ट फोन देने को 200 करोड़ आवंटित करने की घोषणा कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, लेकिन महिलाओं के एक बड़े वर्ग को निराश भी किया, जो इस बार भी बजट में 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत सरकार की ओर से हर महीने दी जाने वाली धनराशि बढ़ने की उम्मीद कर रहे थे। चंद्रिमा ने सरकारी कर्मचारियों का डीए चार प्रतिशत बढ़ाकर 14 से 18 प्रतिशत कर दिया। बढ़ा हुआ डीए एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। पेंशनभोगी भी इसके दायरे में आएंगे, हालांकि अभी भी केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के बीच डीए का अंतर 35 प्रतिशत है। उन्होंने बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए 'पथश्री' योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की।

### ❑ नदी कटाव रोकने को नई योजना

वित्त राज्य मंत्री ने नदी कटाव रोकने को 'नदी बंधन' नामक योजना की भी घोषणा की और इस मद में 200 करोड़ रुपये आवंटित किए। गंगासागर सेतु के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसी तरह घाटाल मास्टर प्लान के लिए भी 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कृषि पर ध्यान देते हुए धान की खरीद के लिए 200 करोड़ रुपये की लागत से नए केंद्रों के निर्माण की भी बात कही गई है।

### ❑ 16 लाख नए घरों के निर्माण का लक्ष्य

आवास क्षेत्र में 'बांग्लार बाड़ी' योजना के तहत आगामी वित्त वर्ष में 16 लाख नए घरों के निर्माण का लक्ष्य है, जिसके लिए 9,600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन सब योजनाओं के लिए इतनी धनराशि कहां से आएगी, इसका ब्योरा पेश नहीं किया गया है। राजस्व संग्रह बढ़ाने का भी कोई रोडमैप नहीं बताया गया है।

### ❑ सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं

चंद्रिमा ने बजट में अपनी सरकार की 13 वर्षों की उपलब्धियों का भी खूब बखान किया है। आर्थिक मोर्चे पर भी सफलताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि बंगाल के औद्योगिक क्षेत्र ने 7.3 प्रतिशत व कृषि व संबद्ध क्षेत्रों ने 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

### ❑ बंगाल का जीएसडीपी 6.80 प्रतिशत बढ़ा

बंगाल का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 6.80 प्रतिशत बढ़ा है। निर्यात वित्त वर्ष 2010-11 के स्तर से दोगुना से भी अधिक हो गया है। इसी तरह पूंजीगत व्यय भी 13 गुना से भी अधिक बढ़कर 28,963.09 करोड़ रुपये दर्ज हुआ है। भट्टाचार्य ने यह भी दावा किया कि बंगाल में 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया जा चुका है और यहां बेरोजगारी दर भारत की आठ प्रतिशत की बेरोजगारी दर की तुलना में लगभग आधी (4.14 प्रतिशत) है। उद्योग व अन्य क्षेत्रों में करीब दो करोड़ रोजगार का सृजन किया गया है।

## आर्थिक तंगी के बावजूद बजट में सबका ख्याल रखा गया : ममता

### ❑ मुख्यमंत्री का दावा... 'सामाजिक कल्याण योजनाओं के आवंटन में की गई वृद्धि'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अपनी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2025-26 के राज्य बजट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों व भारी आर्थिक तंगी के बावजूद बजट में सबका ध्यान रखा गया है। ममता ने इसे मां, माटी और मानुष का बजट करार देते हुए कहा कि हमने दिखाया है कि वित्तीय संकट में भी कैसे आगे बढ़ना है। बजट पेश होने के बाद विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा जीएसटी का सारा पैसे ले जाए जाने और विभिन्न योजनाओं का पैसा बंद किए जाने के बावजूद राज्य अपने संसाधन से लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद विभिन्न सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाया गया है। ममता ने कहा कि बजट में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की वृद्धि से लेकर 28 लाख और गरीब परिवारों को पक्के घर देने के लिए धन का प्रबंध किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। हमारा मिशन रोजगार बढ़ाना है। केंद्रीय बजट में सिर्फ खोखले वादे होते हैं। हम अपने बजट में जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं।

### ❑ मुख्यमंत्री का दावा... 'हमारे पास जन्म से मृत्यु तक 94 योजनाएं'

ममता ने कहा कि राज्य बजट में आधी आबादी यानी महिलाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि पूरे बजट के आधे हिस्से का आवंटन आधी आबादी के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास जन्म से मृत्यु तक 94 योजनाएं हैं। अपनी सरकारी की लोकप्रिय लक्ष्मी भंडार योजना का उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि इससे हर जाति व समुदाय की महिलाएं सीधे लाभान्वित हो रही हैं। ममता ने कहा कि कुल मिलाकर 2.21 करोड़ से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार इस साल को छोड़कर इस योजना पर अब तक 50,000 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। ममता ने दावा किया कि दूसरे राज्य, खास तौर पर भाजपा शासित राज्य इस योजना की नकल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ कांग्रेस भी विभिन्न राज्यों में चुनाव जीतने के हथियार के रूप में लक्ष्मी भंडार जैसी जनकल्याण वाली योजनाएं लांच कर रही है। ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे पहले इस योजना के जरिए महिलाओं तक सीधे नकदी पहुंचाकर बाजार में मांग बढ़ाने के लिए कदम उठाया है। राज्य सरकार लक्ष्मी भंडार योजना के तहत हर महीने सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये जबकि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को 1,200 रुपये की धनराशि उपलब्ध करा रही है।

### ❑ लक्ष्मी भंडार में कई लाख और महिलाओं के नाम होंगे शामिल

ममता ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में इस योजना पर 26 हजार 700 करोड़ खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दुआरे सरकार शिविरों में इस योजना के लिए लाखों आवेदन आए हैं। जांच के बाद कई लाख लाभार्थी महिलाओं के नाम इसमें और जोड़े जाएंगे। ममता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ भाजपा शासित राज्यों में चुनाव जीतने के बाद महिलाओं से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया गया है। ममता ने कहा कि दूसरे राज्य में इस तरह की योजना के तहत जुड़ने वाली महिलाओं के लिए कई तरह के दिशा निर्देश हैं। पर बंगाल में एक ही परिवार के एक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उनका लक्ष्मी भंडार सबके लिए है। इस योजना के साथ ही हर परिवार को रूपश्री, कन्याश्री, किसान भत्ते का भी लाभ मिल रहा है। ममता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा-कांग्रेस चाहे लक्ष्मी भंडार की जितनी भी नकल कर ले, लेकिन बंगाल में तृणमूल सरकार द्वारा शुरू किया गया लक्ष्मी भंडार अद्वितीय रहेगा। ममता ने आगे कहा कि रूपश्री योजना के तहत अब तक 18 लाख 64 हजार युवतियां लाभान्वित हुईं हैं। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने अब तक 15 हजार करोड़ रुपये खर्च किये हैं। ममता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने आवास योजना के लिए पिछले कई साल से धनराशि रोक दी है। बावजूद इसके राज्य सरकार बांग्लार बाड़ी (ग्रामीण) योजना के तहत अपनी तरफ से गरीबों को पक्के आवास के लिए पैसे दे रही है।

### ❑ गंगासागर सेतु के लिए 500 करोड़ का आवंटन

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद केंद्र ने गंगासागर मेले के लिए कोई फंड नहीं दिया। ममता ने कहा कि गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मुड़ीगंगा नदी पर सेतु के लिए भी बजट में 500 करोड़ का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से यह सेतु बनाने के लिए बार-बार अनुरोध के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। इसलिए उनकी सरकार ने तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए खुद ही यह सेतु बनाने का निर्णय लिया है। जिसपर 1000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। ममता ने कहा कि ताजपुर पोर्ट के लिए भी जल्द नया टेंडर जारी किया जाएगा। इसके लिए कानूनी सलाह ली जा रही है। कुछ विवाद हैं, जिसे सुलझा लिया जाएगा। ममता ने कहा कि दीघा में जगन्नाथ मंदिर भी बनकर तैयार है। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन इसका उद्घाटन होगा।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 18 वर्षों में 35 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 18 वर्षों में 35 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।



Dr. Santosh Kumar

**हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?**

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

**रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:**

1. यह इम्प्लांट का सही सरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर सरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।



CUVIS ROBOTIC SYSTEM

**MOMENTUM ORTHOCARE**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.
E mail: santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org www.momentumorthocare.com



CEDA ESTD -1986

# CALCUTTA ELECTRIC DEALERS ASSOCIATION

*presents*

## Electra 2025

AN ELECTRICAL & ELECTRONICS TRADE FAIR

Wide Range Products on Display

13 14 15 February

Leading Brands Participating

Thursday to Saturday • 11 am to 7 pm

at CUTCHI JAIN BHAWAN 59, EZRA STREET, KOLKATA-1

**A MEGA TRADE FAIR**

LED lights and fittings, Wires and cables, Industrial automation
Earthing equipment's, Panel accessories, Industrial components
Switch gears, Banking sector, building sector all under in one roof
For your daily needs of ELECTRICAL AND ELECTRONIC GOODS

GOLD SPONSOR — LITES
SILVER SPONSOR — TRUE POWER LTD.
RADIO PARTNER — 91.9 friends fm

Alok Kr. Singh, President
Anil Kr. Singh, Vice President
Abhishek Verma, Hony. Secretary
Manoj Kr. Gupta, Treasurer

Satya Prakash Shaw
Chairman, Trade Fiar Committee

## शांति हेतु काफी नहीं मुख्यमंत्री का इस्तीफा

भले ही न टाली जा सकने वाली विषम परिस्थितियों के चलते हुआ हो, मणिपुर के विवादित मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली की ऐतिहासिक चुनावी जीत का मजा किरकिरा न होने देने के इरादे से उनका इस्तीफा दिलवाना बेहतर विकल्प समझा। इस हिंसाग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा के कारण हुई मौतों और विस्थापन पर सार्वजनिक माफी मांगकर खेद जताने के एक माह से कुछ अधिक समय बाद बीरेन सिंह ने आखिरकार अपना पद छोड़ ही दिया। दरअसल, उनका यह अस्त्र काम नहीं आया। विडंबना यह है कि उनकी कथित बातचीत का एक ऑडियो टेप कुछ समय पहले लीक हुआ है। जिसमें टेलीफोन पर हुई वह बातचीत रिकॉर्ड हुई बतायी जाती है, जिसमें जातीय हिंसा भड़काने में उनकी भूमिका उजागर होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सत्यता प्रमाणित करने के लिये इस टेप को केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा गया है। शीर्ष अदालत ने सीलबंद लिफाफे में यह रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। लगता है कि मणिपुर में विपक्षी दलों द्वारा बीरेन सिंह को हटाने की मुहिम में सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों के शामिल होने की आशंका को भांपते हुए बीरेन सिंह को इस्तीफा देने को कहा गया है। उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर इस्तीफे को बचने के एक रास्ते के तौर पर देखा गया है। बहरहाल, राज्य सरकार व पार्टी की छवि को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है और यह इस्तीफा बहुत देर से आया है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा में करीब ढाई सौ लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। लेकिन राज्य सरकार स्थिति को संभालने में विफल रही है। विडंबना यह है कि व्यापक हिंसा व आगजनी के बाद बीरेन को पद से हटाने की मांग को नजरअंदाज किया जाता रहा है। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को भी सवालों के घेरे में लेता रहा है।

बहरहाल, अब सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री बदलने से क्या जमीनी हकीकत में बदलाव आ सकेगा? नया नेतृत्व क्या वह इच्छाशक्ति दिखा पाएगा जिससे मैती व कुकी समुदायों के बीच गहरी हुई खाई को पाटा जा सकेगा? निस्संदेह, मणिपुर के लोग न्याय व शांति का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का भरोसा जीतना केंद्र सरकार की पहली जिम्मेदारी बनती है। ताकि राज्य में शांति व सद्भाव कायम हो सके। वहीं दूसरी ओर बजट सत्र को टालने से राज्य में राष्ट्रपति शासन की आशंका भी जतायी जा रही है। वैसे राज्य में दोनों प्रमुख समुदायों के बीच जिस हद तक अविश्वास हावी है, उसे देखते हुए शीघ्र सुलह-समझौते की उम्मीद कम ही है। यहां तक कि कुकी समुदाय अपने लिये अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग जोर-शोर से उठाता रहा है, तो वहीं मैती समुदाय इस मांग का प्रबल विरोध करता रहा है। बहरहाल, प्राथमिकता राज्य में शांति व्यवस्था स्थापित करने की होनी चाहिए ताकि विस्थापित लोग कानून पर भरोसा करते हुए अपने घरों को लौट सकें। सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा बलों से दोनों समुदायों द्वारा लूटे गए हथियारों की बरामदगी की भी है। यहां तक कि पुलिस व सुरक्षा बलों पर भेदभाव के आरोप भी लगते रहे हैं। निश्चित रूप से राज्य में पुलिस व सुरक्षा बलों को सर्वप्रथम अपनी विश्वसनीयता कायम करनी होगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बीरेन सिंह के बाद सत्ता की बागडोर थामने वाला व्यक्ति किस हद तक स्थितियों को सामान्य बनाने में सक्षम होता है। सवाल यह भी है कि राज्य विधानसभा के लिये एक साल के भीतर होने वाले चुनाव क्या समय पर हो पाते हैं? बहरहाल, राज्य के मौजूदा हालात में निष्पक्ष और संवेदनशील शासन की जरूरत है, जिससे आहत लोगों के जख्मों पर मरहम लगाया जा सके। भले ही बीरेन सिंह ने राजनीतिक मजबूरी में ही इस्तीफा दिया हो, लेकिन शांति की संभावनाओं को इससे संबल जरूर मिलेगा। खासकर उन लोगों को राहत मिलेगी जो पूर्व मुख्यमंत्री पर पक्षपात के आरोप लगाते रहे हैं।

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें



ललित गर्ग

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा।

इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

-लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

# दिल्ली के बाद बिहार में चुनावी घमासान की तैयारी



बाल मुकुन्द ओझा

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल को सत्ताच्युत करने के बाद अब बिहार में लालू यादव से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दो दो हाथ करेंगे। बिहार में चुनावी रणभेरी बजने वाली है। दिल्ली के बाद अब बिहार की बारी है जहां इसी साल विधानसभा के चुनाव होंगे। राजनीतिक पार्टियां अभी से ही तैयारी में जुट गई हैं। बिहार के दो प्रमुख चुनावी मोर्चे महागठबंधन और एनडीए ने सत्ता पर काबिज होने के लिए किलेबंदी शुरू कर दी है। नीतीश सरकार का कार्यकाल 23 नवंबर 2020 से शुरू हुआ था। वर्तमान सरकार का कार्यकाल इस साल यानी 2025 में 22 नवंबर तक है। जाहिर है कि इससे पहले चुनाव होंगे। इसके अलावा चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी, जन सुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बिहार की सियासत की धुरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है जो कभी एनडीए से छटक कर महागठबंधन में चले जाते हैं तो कभी घरवापसी कर लेते हैं। हाल फिलहाल वे एनडीए के साथ है और अब मरते दम तक एनडीए में रहने की घोषणा की है। एनडीए ने अपने नफा नुक्सान को देखते हुए स्पष्ट तौर पर कहना है कि वे नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। छऊ- में मुख्य रूप से बीजेपी, जनता दल (यूनाइटेड), लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (क-च्) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (ठड्झ) शामिल है। एक दो और छोटी पार्टियों ने भी एनडीए के साथ रहने की घोषणा कर दी है।

बिहार में एनडीए का मुकाबला महागठबंधन से होगा जिसका नेतृत्व लालू और तेजस्वी की बाप बेटे की जोड़ी के हाथ में है। इस गठजोड़ में कांग्रेस सहित वामपंथी पार्टियां शामिल है। लालू ने अपने बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की सार्वजनिक घोषणा कर रखी है। बिहार में येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए लालू यादव की छटपटाहट बस देखते ही बनती है। राजद अध्यक्ष लालू यादव अब बूढ़े हो चुके है और चाहते है उनकी विरासत के साथ बिहार की राजगद्दी बेटे तेजस्वी को मिले। बिहार की सियासत वाकई बड़ी अजब गजब है। नीतीश सब के लिए अपरिहार्य हो गए है। बिहार में दो प्रमुख सियासी खेमे हैं। एक महागठबंधन तो दूसरा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन। दोनों ही खेमों में इस बात को लेकर हमेशा रस्साकशी भी चलती रहती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके खेमे में आ जाएं और बिहार की कमान संभालें। बिहार में सियासी समीकरण कुछ ऐसा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस पाले में होते हैं उसी की सरकार बनती है। आश्चर्य की बात तो यह भी है की दोनों खेमों की प्रमुख पार्टियां भाजपा और राजद है मगर सीएम की कुर्सी हर बार नीतीश के पास रहती है जबकि उनकी पार्टी जेडी यू वहां सीटों के लिहाज़ से तीसरे नंबर की पार्टी है। सियासतदान यह भली भांति जानते है कि नीतीश जिधर होंगे पलड़ा उनका ही भारी होंगा, क्योंकि उनके पास कुर्मी कोयरी वोट लामबंध है। भाजपा अपना सीएम बंनाने का हर प्रयास कर रही है मगर नीतीश की सियासत से पार पाना उनके बस की बात नहीं है और अन्तोगत्वा भाजपा नीतीश के सामने सरेंडर हो गई और विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ने को तैयार हो गई है। नीतीश ने भी लालू को टक्का सा जवाब दे देकर स्पष्ट कर दिया है वे अब कहीं नहीं जायेंगे और जहां है वहीं रहेंगे। इसी बीच एक नया घटना क्रम नीतीश के बेटे निशांत का घटित हुआ है। नीतीश का बेटा राजनीति से दूर है। इसीलिए उनपर कभी परिवारवाद का आरोप कभी नहीं लगा। इंजीनियर निशांत ने अपने दादा की जयंती के एक कार्यक्रम में अगले चुनाव में अपने पिता को जिताने की अपील कर लोगों को चौंका दिया। यह तो भविष्य ही बताएगा कि निशांत आगे जाकर क्या कदम उठाने वाले है।

यह सर्व विदित है बिहार की राजनीति जातीय वोटों में बंटी हुई है। इस समय जातीय सियासत में एनडीए का पलड़ा भारी है। केवल यादव और मुस्लिम वोटों के भरोसे बिहार में जीत पाना राजद के लिए यह संभव नहीं है। यह बात लालू अच्छी तरह जानते है इसीलिए बार बार नीतीश को अपने पाले में लाने का हर संभव प्रयास कर रहे है। लालू दलितों के वोट भी हासिल करने के लिए साम दाम दंड भेद से जुटे है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वे पशुपति पारस से अपनी पींगे बढ़ा रहे है।

बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। प्रमुख जातियों में यादव 14.26 प्रतिशत, रविदास 5.25 प्रतिशत, दुसाध 5.31 प्रतिशत, कोइरी 4.21 प्रतिशत, ब्राह्मण 3.67 प्रतिशत, राजपूत 3.45 प्रतिशत, मुसहर 3.08 प्रतिशत, भूमिहार 2.89 प्रतिशत, कुरमी 2.87 प्रतिशत, तेली 2.81, बनिया 2.31 प्रतिशत और कानू 2.21 प्रतिशत है। अन्य जातीय कमोवेश दो प्रतिशत से भी कम है। समग्र रूप से बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82 प्रतिशत हिंदू हैं। इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7 प्रतिशत है।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

## विदेश की खबरें

### मोदी, मैक्रों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को 'गहन एवं दीर्घकालिक' रक्षा सहयोग पर जोर देते हुए भारत में 'स्कॉर्पीन' पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग की प्रगति की सराहना की तथा दोनों देशों ने मिसाइलों, हेलीकॉप्टर इंजन और जेट इंजन पर जारी चर्चाओं का स्वागत किया। मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान जारी संयुक्त बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी सेना को पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्च (एमबीआरएल) प्रणाली को करीब से देखने के लिए आमंत्रित किया और इस बात पर जोर दिया कि फ्रांस द्वारा इस प्रणाली का अधिग्रहण भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर होगा। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों के अलावा असाधारण रूप से मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण पहलुओं पर द्विपक्षीय चर्चा की। बयान में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास साझेदारी को और मजबूत करने के लिए दोनों नेताओं ने डीजीए और डीआरडीओ के बीच रक्षा प्रौद्योगिकियों में सहयोग के लिए तकनीकी व्यवस्था के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास ढांचे को शीघ्र जारी करने पर जोर दिया। 'डायरेक्शन जनरल डी लारमेमेंट' (डीजीए) फ्रांस में उद्योग के साथ आयुध कार्यक्रमों का समन्वय करता है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भारत का प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन है। उन्होंने दीर्घकालिक वैश्विक चुनौतियों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी व्यापक चर्चा की तथा बहुपक्षीय पहल और संस्थाओं के माध्यम से अपने वैश्विक और क्षेत्रीय जुड़ाव को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं के बीच पश्चिम एशिया और यूक्रेन युद्ध सहित अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी, सुरक्षित और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। इसके मुताबिक, दोनों नेताओं ने भारत में 'स्कॉर्पीन' पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग की प्रगति की सराहना की जिसमें स्वदेशीकरण भी शामिल है। दोनों नेताओं ने 15 जनवरी को पी75 स्कॉर्पीन श्रेणी परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर के जलावतरण का स्वागत किया। बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों ने मिसाइलों, हेलीकॉप्टर इंजन और जेट इंजन के क्षेत्र में जारी चर्चाओं का स्वागत किया।

### यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता अव्यावहारिक : अमेरिकी रक्षा मंत्री

**ब्रसेल्स :** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता की उम्मीद अव्यावहारिक थी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के लिए आगे का रास्ता यह है कि वह सीमा के लिहाज से 2014 से पहले की स्थिति की वापसी की उम्मीदें छोड़ दे और रूस के साथ एक ऐसे समझौते के लिए तैयार हो जाए, जिसे अंतरराष्ट्रीय सैनिकों वाले संभावित शांतिरक्षक बल का समर्थन हासिल हो। हेगसेथ ने नाटो और यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान ये टिप्पणियां कीं। वह इन दोनों गठबंधनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने वाले ट्रंप प्रशासन के पहले सदस्य हैं। सहयोगी देश यह जानने को उत्सुक हैं कि वाशिंगटन आने वाले समय में यूक्रेन को कितनी सैन्य एवं वित्तीय सहायता मुहैया कराने का इच्छुक है। हेगसेथ ने उनसे कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन को अधिकांश सैन्य एवं वित्तीय सहायता देने का जिम्मा यूरोपीय देश संभालें, एक संभावित शांतिरक्षक बल की तैनाती की जाए जिसमें अमेरिकी सैनिक न शामिल हों।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 फरवरी, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 20:25 तक, नक्षत्र : मघा, 21:06 तक, योग : शोभना, 07:29 तक, सूर्योदय: 6:10, सूर्यास्त: 17:32, चन्द्रोदय : 18:17, चन्द्रास्त: 06:37, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 13:15 से 14:39

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन बहुत शुभ है और आपके लिए तरक्की के अच्छे योग बन रहे हैं। धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए दिन खुशहाली और तरक्की से भरा रहेगा। आपका पूरा दिन शांतिपूर्ण रहेगा और जो भी प्रयास आप करेंगे उसमें आपके हाथ कामयाबी लगेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को करियर में लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। किसी कीमती चीज के खोने या चोरी होने का डर रहेगा। बच्चों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन शुभ है। अच्छी संपत्ति मिलने के संकेत हैं। करियर में तरक्की होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी हो सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए ग्रहों की स्थिति अच्छी है। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। आपके अच्छे व्यवहार का आपको लाभ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन लाभदायक है। तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में अच्छी सफलता मिलेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। पैसों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। धन लाभ होगा, जिससे सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के धन में वृद्धि होगी। व्यापारियों को भाग्य का साथ मिलेगा। किसी बीमारी के कारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा।

**धनु :** धनु राशि वालों को करियर में लाभ होगा। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। सरकार से जुड़े लोगों से फायदा होगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक शुभ योग बनेंगे।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन लाभदायक है। आर्थिक मामलों में तरक्की होगी। नए प्रयास सफल होंगे। कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। योजनाएं सफल होंगी। शाम को किसी झगड़े में न पड़ें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए करियर के मामले में दिन अच्छा है। भाग्य में वृद्धि होगी। बिना कारण के विवाद हो सकते हैं। अपनी बुद्धि से किए गए कामों में नुकसान हो सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आलस्य को दूर भगाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य पर भी थोड़ा ध्यान दें और कामों को सूझबूझ दिखाते हुए करें।

## वर्ग पहेली नं. 3003

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| ■ | 9 | | ■ | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | | | | | ■ | |
| ■ | 16 | 17 | | ■ | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 | ■ | |
| 22 | | ■ | 23 | | | ■ | 24 | 25 | |
| | ■ | 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | | |

बायें से दायें:- 1) मूर्खता, 4) निरर्थक, 7) मिठाई बनाकर बेचने-वाला, 8) जमावड़ा; क्राउड, 9) बटाटा, 10) महीना, 12) खीला, 14) विधवा, 15) संध्या, 16) साक्षी, 18) बिल्कुल सही; बेचूक, 19) कामदेव, 20) चुनाई, 22) शपथ, 23) समतल, 24) सदृश, 26) कराह; गहरा साँस, 27) जानकारी; ठौर ठिकाना, 29) चिंतित, 30) घंटानाद होना.

ऊपर से नीचे:- 1) बजरंगबली का आयुध, 2) पक्ष; बगल, 3) रामसेना का एक बंदर जिसने समुद्र पर पुल बाँधा था (रामायण), 4) कृतघ्नता, 5) देखते ही; तत्काल, 6) छोकरी, 9) आना-जाना, 11) झुंड, 13) बचपन, 15) चाल-चलन, 17) सिद्धान्त; थ्योरी, 20) तुरन्त, 21) रग, 22) आक्षेप; शिकायत, 25) राज़ी होना, 26) उम्मीद; भरोसा, 28) स्वर आलाप (संगीत).

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | ■ | मा | यू | स | ■ | प | छ | ता | वा |
| य | ■ | फि | ■ | ब | या | र | ■ | ज | ■ |
| ल | प | क | ना | ■ | र | वा | न | गी | ■ |
| ■ | र | ■ | न | कुश | ■ | ना | ग | ■ | का |
| आ | व | श्य | क | ■ | दु | ■ | रा | ष्ट्री | य |
| ■ | श | ■ | ■ | क | ष्ट | सा | ध्य | ■ | र |
| प | ता | का | ■ | ठि | ■ | ■ | क्ष | म | ता |
| तं | ■ | ज | ल | न | खो | र | ■ | जा | ■ |
| ग | फ़ | ल | त | ■ | ■ | स्म | ग | ल | र |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2963

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | | | | 7 | | 8 | | |
| | | | | | | 2 | | |
| 3 | | | | | | | 5 | |
| | | | | 2 | | | 1 | |
| | 8 | | | 4 | | | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| | 2 | | | | | 7 | | |
| | | | 3 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 2962 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 |

# ग्रामीण क्षेत्र में ममता की नजर, गांवों के विकास के लिए 44 हजार 139 करोड़ 65 लाख रुपये आवंटित

## पथश्री से लेकर बांग्लार बाड़ी तक कई ग्राम-केंद्रित परियोजनाओं में आवंटन में वृद्धि

**✒ नगरपालिका एवं शहरी विकास विभाग को 13,381.68 करोड़ रुपए आवंटित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता बनर्जी सरकार की वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बजट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए अधिकतम आवंटन का प्रस्ताव रखा है। गणना के आधार पर गांवों के विकास के लिए 44 हजार 139 करोड़ 65 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इस वर्ष के बजट में किसी अन्य क्षेत्र में इतनी राशि के आवंटन का कोई उल्लेख नहीं है। नगरपालिका एवं शहरी विकास विभाग को 13,381.68 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। बजट की घोषणा करते हुए चंद्रिमा ने पथश्री से लेकर बांग्लार बाड़ी तक कई ग्राम-केंद्रित परियोजनाओं के लिए आवंटन में वृद्धि की घोषणा की। अगले वित्तीय वर्ष में पथश्री परियोजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। बांग्लार बाड़ी परियोजना के लिए आवंटन में 9,600 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। चंद्रिमा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 12 लाख परिवारों को स्थायी मकान बनाने के लिए धनराशि दी गई है। अगले वित्तीय वर्ष में अन्य 16 लाख परिवारों को यह धनराशि प्राप्त होगी। दरअसल, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों का दिल जीतने की कोशिश अभी से शुरू कर दी है। राज्य सरकार राज्य के श्रमिकों को 100 दिन के काम का बकाया भुगतान अपनी जेब से कर रही है।

**❑ घटाल मास्टर प्लान के लिए 500 करोड़ और नदी जोड़ो परियोजना के लिए 200 करोड़ आवंटित**

बजट में कृषि उत्पाद विपणन विभाग को 426 करोड़ रुपये, कृषि विभाग को 10,000 करोड़ रुपये, पशुधन विकास विभाग को 1,272 करोड़ रुपये तथा स्वयं सहायता समूह एवं स्वरोजगार विभाग को 798 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। चंद्रिमा ने घटाल मास्टर प्लान के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन की भी घोषणा की। हर साल बरसात के मौसम में नदी तट कटाव के कारण ग्रामीण इलाकों में काफी नुकसान होता है। इस वर्ष के बजट में भी इसके लिए अलग से आवंटन किया गया है। नई नदी जोड़ो परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

## देवचा पचामी से कोयला उत्पादन होने पर बिजली होगी सस्ती : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बड़ा दावा किया कि बीरभूम जिले में स्थित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कोल ब्लॉक देवचा पचामी से कोयला खनन (उत्पादन) पूरी तरह शुरू होने पर बिजली की कीमत काफी कम हो जाएगी। ममता ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आने वाली पीढ़ियों को अगले 100 वर्षों तक लोडशेडिंग की समस्या से जूझना न पड़े और बिजली की कीमतें न बढ़ें। राज्य बजट पेश होने के बाद विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान ममता ने कहा कि इस परियोजना से कम से कम एक लाख युवाओं को नौकरी मिलेगी। सीएम ने कहा कि अगर कोयला उत्पादन होगा, तो बिजली की कीमत भी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वहां से हमें जो कोयला मिलेगा, उससे सौ साल तक बिजली पैदा होगी। हम यह परियोजना इसलिए लगा रहे हैं, ताकि हमें कम कीमत पर बिजली मिल सके। वहीं, गर्मी के मौसम में खपत बढ़ते ही बिजली की कीमतें बढ़ने के सवाल पर ममता ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार बिजली दर नहीं बढ़ाती है, लेकिन निजी आपूर्ति कंपनी सीईएससी अपने क्षेत्रों में दर बढ़ा देती है। मुख्यमंत्री ने सीईएससी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ममता ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार सीईएससी क्षेत्र में कभी बिजली की कीमत नहीं बढ़ाती है, सीईएससी खुद ही बढ़ाती है। ममता ने कहा कि यह हमारे हाथ में नहीं है। वे स्वायत्त संस्थान है। उन्होंने कहा कि वाममोर्चा सरकार द्वारा सीईएससी का निजीकरण कर दिया गया था।

## ममता ने ताजपुर परियोजना के लिए अडानी समूह से अनुबंध रद्द करने के दिए संकेत

बंगाल सरकार पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर में डीप-सी पोर्ट (गहरे बंदरगाह) की स्थापना के लिए अडानी समूह को दिए गए अनुबंध को रद्द कर परियोजना के लिए फिर से नया टेंडर जारी करने को लेकर कानूनी राय ले रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को खुद इसके संकेत दिए। ममता ने कहा कि जल्द ही नया टेंडर जारी किया जा सकता है। विधानसभा में राज्य बजट पेश होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल कि क्या ताजपुर परियोजना के लिए अडानी समूह के साथ अनुबंध रद्द किया जा रहा है और फिर से टेंडर जारी होगा, ममता ने कहा कि मुख्य सचिव इस पर टिप्पणी कर पाएंगे। साथ ही, ममता ने कहा कि हम इस पर कानूनी राय ले रहे हैं। कानूनी राय का इंतजार है।

## राज्य बजट में लक्ष्मी भंडार में धनराशि बढ़ाने का कोई उल्लेख नहीं

**✒ 2026 के चुनाव से पहले लक्ष्मी भंडार की राशि में बढ़ोतरी की संभावना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार के राज्य बजट में लक्ष्मी भंडार में धनराशि बढ़ाने का कोई उल्लेख नहीं है। प्रशासनिक हलकों का मानना है कि 2026 के चुनाव से पहले इस राशि में और बढ़ोतरी की जाएगी। राज्य सरकार की बजट पुस्तिका में लक्ष्मी भंडार का उल्लेख है और बताया गया है कि इस परियोजना से कितनी महिलाओं को लाभ मिला है, लेकिन इस परियोजना के लिए अतिरिक्त धनराशि या प्रति व्यक्ति धनराशि में वृद्धि का कोई उल्लेख नहीं है। बता दें कि लक्ष्मी भंडार योजना के तहत प्रत्येक महिला को 1,000 रुपये प्रति माह तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को 1,200 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। कई लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद चुनाव से छह महीने पहले बढ़ी हुई राशि की घोषणा कर सकती हैं।

लक्ष्मी भंडार परियोजना का उल्लेख बजट पुस्तिका में किया गया है। वहां लिखा है कि महिला सशक्तीकरण को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार सार्वजनिक नीति आधारित परियोजनाओं की एक श्रृंखला लागू कर रही है, जिनमें लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री परियोजना, रूपश्री परियोजना आदि उल्लेखनीय हैं। बजट पुस्तिका में उल्लेख किया गया है कि लक्ष्मी भंडार परियोजना से 2.21 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री से पूछा गया कि लक्ष्मी भंडार में प्रति व्यक्ति दान राशि बढ़ाई जाएगी या नहीं। उन्होंने कहा कि इस पर बाद में चर्चा की जाएगी।

### राज्य आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को देगी स्मार्टफोन, बजट में घोषणा

इस बार राज्य में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन सौंपे जाएंगे, ताकि वे अपने कर्तव्यों का अधिक कुशलता से निर्वहन कर सकें। यह बात वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बुधवार को राज्य का बजट पेश करते हुए कही। यह खबर सुनने के बाद कि राज्य ने लगभग 70,000 आशा कार्यकर्ताओं और एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्टफोन खरीदने के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता राज्य के इस फैसले से खुश हैं। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्थानीय लोगों के बीच सेतु का निर्माण करती हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करतीं हैं। इसके अलावा, वे अन्य गैर-संचारी रोगों जैसे डेंगू, रक्तचाप, मधुमेह, तपेदिक, कैंसर आदि को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यों के लिए एक विशिष्ट सरकारी ऐप डाउनलोड करना आवश्यक है। हालांकि, अधिकांश कर्मचारी स्मार्टफोन खरीदने में सक्षम नहीं हैं।

## राज्यपाल ने ममता समेत तीन तृणमूल नेताओं को भेजा मानहानि का नोटिस

**✒ कहा... 'माफी मांगे नहीं तो होगा 11-11 करोड़ का मानहानि केस'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और राज्यपाल के बीच फिर से तनातनी बढ़ गई है। दरअसल, राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कुणाल घोष समेत तृणमूल कांग्रेस के 2 विधायकों को मानहानि का नोटिस भेजा है। राज्यपाल बोस की तरफ से भेजे गए इस नोटिस में सभी नेताओं से कहा गया है कि आपने राज्यपाल का मानहानि किया है। इस संबंध में तुरंत माफी मांगे नहीं, तो 11-11 करोड़ रुपए का मानहानि ठोका जाएगा। यह नोटिस तृणमूल के नवनिर्वाचित विधायक सयंतिका बनर्जी और रैयत हुसैन सरकार को भेजा गया है। बता दें कि पहली बार देश के इतिहास में किसी राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और विधायकों को मानहानि का नोटिस भेजा है।

**❑ क्या है पूरा मामला**

मई 2024 में, राज्य के 2 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, जिसमें बारानगर सीट से सयंतिका बनर्जी और भगवानगोला सीट से रैयात सरकार ने जीत हासिल की। दोनों विधायकों के शपथ को लेकर पेच फंस गया। राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को शपथ का अधिकार नहीं दिया। राज्यपाल का कहना था कि डिप्टी स्पीकर दोनों को शपथ दिलाएं। वहीं, दोनों विधायकों ने राजभवन जाकर भी शपथ लेने से इनकार कर दिया। इन विधायकों का कहना था कि राजभवन सुरक्षित नहीं है। जब पूरा घटनाक्रम चल रहा था, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजभवन को लेकर गंभीर टिप्पणी की थी। ममता का कहना था कि राजभवन में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने ममता से राजभवन को लेकर इस तरह की टिप्पणी नहीं करने के लिए कहा था। कहा जा रहा है कि इस घटना के दौरान ही दोनों विधायकों ने राज्यपाल को लेकर गंभीर आरोप लगाए, जिसका कानूनी नोटिस अब भेजा गया है। राज्यपाल ने जो मानहानि का नोटिस भेजा गया है, उसमें 11-11 करोड़ का जिक्र है।

**NAME AND D.O.B CHNAGE**

I, Janaki Ramchiary wife of Army No.15675052F, Rank: Hav. Name: Kanak Ramchiary, resident of Vill.- Bher Bheri, P.O.- Niz-Dhamdhama, P.S.- Barama, District- Baksa, State: Assam, Pin- 781349, do hereby declare I have changed my name from Janki Swar Giary to Janaki Ramchiary and also changed my date of birth from 30.11.1986 to 01.11.1985 by Vide affidavit before the Notary Public at Govt. of Assam dated - 23.01.2025

**NAME CHANGE**

I, Mridul Kumar Saraogi, son of Narendra Kumar Saraogi, residing at Shantiniketan Apartment, Block-D, 4th Floor, Flat No.403, 20, Round Tank Lane, Howrah-711101, have changed my name and shall henceforth be known as Mridul Saraogi as declared before the First Class Ld Judicial Magistrate Kolkata court, West Bengal vide affidavit number 1910 dated 12th February 2025 Mridul Kumar Saraogi and Mridul Saraogi both are same and indentical person.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: डब्ल्यू7_633_एमएफबीडब्ल्यू_2_निविदा_2025, दिनांक: 10.02.2025,** जीएम/मुख्य ट्रैक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मुख्यालय, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. **डब्ल्यू7_633_एमएफबीडब्ल्यू_2_निविदा_2025** के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के कार्यक्षेत्र में साइट पर ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260), (नया/एसएच/एसआर/ एसडब्ल्यूआर/ एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग। **निविदा का प्रकार :** खुली। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 7,52,08,435.49, **बयाना राशि:** 5,26,100/-**निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 24.02.2025, **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 07.02.2025, 18.46 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **समापन अवधि :** 24 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 10.03.2025, 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

MISC-331/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## यूपी सरकार महाकुंभ में हुई भगदड़ में मरने वालों की सही संख्या जारी नहीं कर रही : ममता

**✒ महाकुंभ में भगदड़ की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने योगी सरकार पर साधा निशाना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज महाकुंभ में पिछले दिनों हुई भगदड़ की घटना पर बुधवार को चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने अब तक मरने वालों की सही संख्या नहीं बताई है। बंगाल विधानसभा में राज्य बजट पेश किए जाने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने केंद्र द्वारा राज्य का बकाया जारी नहीं किए जाने पर भी अपनी निराशा व्यक्त की। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि महाकुंभ की घटना में इतने लोग मारे गए, लेकिन वह मरने वालों की सही संख्या जारी नहीं कर रही है। ममता ने कहा कि भाजपा सरकार ने इतना प्रचार किया कि बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में पहुंचे, लेकिन वहां पर उचित व्यवस्था नहीं की गई। बता दें कि पिछले महीने महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में 30 लोग मारे गए और 60 अन्य घायल हो गए थे। ममता ने दावा किया कि जो संख्या बताया जा रहा है, वास्तव में इसकी तुलना में बड़ी संख्या में लोग भगदड़ में मारे गए थे। वहां की सरकार मौत का आंकड़ा छिपा रही है।

**❑ 'हम अपने बजट में जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं'**

केंद्रीय बकाए को लेकर भी ममता ने मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। ममता ने कहा कि केंद्र बंगाल का वैध बकाया जारी करने में विफल रहा है। राज्य सरकार अपने हिस्से की राशि को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बंगाल पर की गई टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि ये पक्षपातपूर्ण और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ममता ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय बजट में खोखले वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में केवल वादे होते हैं। हम अपने राजस्व से धन आवंटित करते हैं और हम अपने बजट में जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। ममता ने देश के लिए एक मजबूत और जीवंत संघीय ढांचे के महत्व पर जोर दिया। ममता ने कहा कि एक मजबूत संघीय ढांचे के बिना देश मजबूत नहीं हो सकता है। उन्होंने राज्य की स्वायत्तता और केंद्र और राज्यों के बीच संतुलित संबंधों के महत्व पर जोर दिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 336_2024-25, दिनांक 10.02.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण :** टिकियापाड़ा कोचिंग कॉम्प्लेक्स और ईएमयू/सीएस/हावड़ा/पूर्व रेलवे में 3 ओएच टैंकों (टिकियापाड़ा में 2 अदद और ईएमयू/सीएस/हावड़ा में 1 अदद) की पेंटिंग के साथ विस्तृत मरम्मत। **अनुमानित मूल्य :** रु. 76,36,302.57, **बयाना राशि:** रु. 1,52,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 05.03.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-596/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Khanakul-II Dev. Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly

**NOTICE INVITING TENDER**

The BDO Kh-II, **NIeT No.- 4/ BDO Kh-II/2024-25, Date: 11.02.2025. Tender ID: 2025_ ZPHD_814424_1 to 3** for ACR, Dining shed & Toilet. Last date of bids ends on **01.03.2025 up to 06:00 PM.** For detail visit **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block

**Nandigram-II Dev. Block**
Reapara :: Purba Medinipur
Email:- bdonandigram2block@gmail.com :: Phone & Fax No:- 03224-271203

**E-Tender**

Executive officer, Nandigram-II Panchayat Samiti, Purba Medinipur invites online Tender Notice against Tender Memo no-119, Dated-12.02.2025 for 1 (One) Nos Scheme.

Last Date of application for above Tender is 26.02.2025 upto 02:00 P.M. Details of tender are available in WB Govt.tender site.

Sd/-
Block Development Officer
Nandigram-II Dev. Block

## बंगाल का बजट खोखले वादों का पुलिंदा : शुभेंदु अधिकारी

### भाजपा विधायकों ने विधानसभा में किया जमकर प्रदर्शन, सदन से वाकआउट

**✒ नेता प्रतिपक्ष का आरोप... 'बजट युवा व विकास विरोधी, की गई हैं रोजगार की उपेक्षा'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को राज्य के बजट को खोखले वादों का पुलिंदा करार दिया और आरोप लगाया कि इसमें महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों के स्वदेशी समुदायों की अनदेखी की गई है। भाजपा नेता शुभेंदु ने कहा कि यह बजट एक छलावा है, जिसमें परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन आवंटन किए बिना नदी कटाव को रोकने के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। विधानसभा में जब वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य बजट पेश कर रही थीं, तो भाजपा विधायकों ने विधानसभा का बहिर्गमन करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बजट पेश किए जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हम सदन में कई बार विरोध कर चुके हैं, क्योंकि यह बजट जनविरोधी है। यह सरकार दिवालिया सरकार है। बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ 'क्रूर' मजाक किया गया है, जिसमें उनके डीए में केवल चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों और अन्य राज्यों के सरकारी कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम है।

**❑ 'सरकार महिलाओं से जुड़े मुद्दों का समाधान करने में विफल'**

महिलाओं (लक्ष्मी भंडार) के लिए आवंटन में वृद्धि पर बजट में चुप्पी पर अफसोस जताते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जबकि कई अन्य राज्यों में महिला सशक्तीकरण के लिए मासिक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है, यह सरकार गरीब परिवारों की महिलाओं के आर्थिक उत्थान की सुध लेने में विफल रही है। यह सरकार महिलाओं से जुड़े मुद्दों (उनकी आजीविका से लेकर सुरक्षा तक) का समाधान करने में विफल रही है।

**❑ 'राज्य के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने के बारे में कोई दिशा नहीं'**



नंदीग्राम से भाजपा विधायक ने कहा कि यह बजट राज्य के दो करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने के बारे में कोई दिशा नहीं देता है। हमारे राज्य में रोजगार कार्यालय बंद हो गया है। यह बेरोजगारी विरोधी बजट है। 2.15 करोड़ बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात किया गया है। वह मुख्यमंत्री, जिन्होंने 2011 में मंच पर खड़े होकर नौकरियों का वादा किया था। इस बजट में एक भी रोजगार सृजन का उल्लेख नहीं है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि 'आईसीडीएस' कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने का निर्णय कोई नयी बात नहीं है, बल्कि यह स्मृति ईरानी द्वारा वर्षों पहले शुरू की गई परियोजना का ही विस्तार है जिसे उस समय राज्य द्वारा लागू नहीं किया गया था, बल्कि आवंटन को अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया गया था।

**❑ 'उत्तर बंगाल-सुंदरवन-जंगलमहल विरोधी बजट'**

उन्होंने आगे कहा कि इस बजट में पूरे उत्तर बंगाल में नदी कटाव, चाय बागानों के विकास या चाय श्रमिकों की योजनाओं के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। यह बजट किसान विरोधी बजट है। उनको कोई धनराशि आवंटित नहीं है। इस बजट में हमारे पश्चिमी जिलों के लोगों के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। कुल मिलाकर यह एक झूठा बजट है। भाजपा 2026 में पूर्ण बजट पेश करेगी। हम हर घर में एक नौकरी उपलब्ध कराएंगे।

**❑ 'लक्ष्मी भंडार योजना की शुरुआत शिवराज सिंह सरकार ने की'**

उन्होंने लक्ष्मी भंडार योजना पर भी बात करते हुए कहा कि इसकी शुरुआत शिवराज सिंह चौहान ने अपने राज्य में की थी, जिसकी नकल ममता बनर्जी ने की। स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बजट में राज्य पर 6,000 करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ से मुक्ति पाने की कोई उम्मीद नहीं है, जो 'राज्य सरकार की अयोग्यता' का परिणाम है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.: सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025** **दिनांक 10.02.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं.: पार्क-एचडब्ल्यूएच-एफईबी-4, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 24.02.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं: **(1)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एनजीएक्स-टीडब्ल्यू-258-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और निगन। **(2)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीएके-टीडब्ल्यू-261-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और तारकेश्वर। **(3)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-टीडब्ल्यू-183-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और चंदननगर। **(4)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमयूयू-टीडब्ल्यू-64-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और मानकुंडु।

HWH-597/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/640, दिनांक 11.02.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3342, कार्य का नाम :** भद्रेश्वर स्टेशन पर पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों को ईआई में बदलने हेतु विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 43,53,155/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.87,100/-, **समापन अवधि:** 120 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3395, कार्य का नाम :** एईएन/टीआर./हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/बीएमजी की शाखा में डीप पिट 1-5 पाथवे के विस्तार एवं परिवहन और अन्य सहायक कार्य तथा एसवाईई कोचिंग कॉम्प्लेक्स पिट लाइन के विस्तार के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 24,38,489/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.48,800/-, **समापन अवधि:** 90 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.03.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-600/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**श्रीगंगानगर एवं कोलकाता के बीच स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के साथ पार्सल ट्रैफिक की सुविधा हेतु **04731/04732 श्रीगंगानगर जंक्शन-कोलकाता-श्रीगंगानगर जंक्शन पैसेंजर सह पार्सल स्पेशल ट्रेन (डानकुनी के रास्ते)** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

| श्रीगंगानगर-कोलकाता | | | 04731 04732 | कोलकाता-श्रीगंगानगर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| बुधवार | - | 23.00 | ↓ श्रीगंगानगर जंक्शन | 11.45 | - | मंगलवार |
| गुरुवार | 05.30 | 05.40 | बीकानेर जंक्शन | 03.15 | 03.25 | |
| शुक्रवार | 06.50 | 06.55 | कानपुर सेंट्रल | 04.00 | 04.05 | सोमवार |
| | 10.20 | 10.25 | प्रयागराज जंक्शन | 00.25 | 00.30 | |
| | 22.20 | 22.35 | आसनसोल | 13.10 | 13.25 | रविवार |
| | 23.05 | 23.10 | दुर्गापुर | 12.36 | 12.41 | |
| शनिवार | 02.35 | 02.40 | बर्द्धमान | 11.35 | 11.40 | |
| | 08.50 | - | कोलकाता ↑ | - | 09.05 | |

ट्रेन दोनों दिशाओं में राय सिंह नगर, जैतसर, सूरत गढ़, लूनकरनसर, लालगढ़ जंक्शन, नापासर, श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़ जंक्शन, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़ सीकर, रशीदपुर खोरी, सीकर जंक्शन, रींगस जंक्शन, चौमूँ सामौद, जयपुर जंक्शन, खातीपुरा, दौसा, बॉंदीकुई जंक्शन, राजगढ़, अलवर, गोविंद गढ़, डीग, मथुरा जंक्शन, आगरा फोर्ट, टूण्डला जंक्शन, इटावा जंक्शन, फतेहपुर, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया जंक्शन, पारसनाथ तथा धनबाद स्टेशन में भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीख और दिन: 04731 श्रीगंगानगर जंक्शन से:** दिनांक 19.02 एवं 26.02.2025 (बुधवार) = 2 ट्रिप। **04732 कोलकाता से :** दिनांक 23.02.2025 एवं 02.03.2025 (रविवार) = 2 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी - 7, द्वितीय श्रेणी सीटिंग (अनारक्षित) - 4, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 5, एसएलआरडी - 2, पार्सल वैन - 2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## राशन घोटाले में ईडी ने तीन व्यापारियों के घर और गोदामों पर मारा छापा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार की सुबह ईडी की टीमें हावड़ा में ताबड़तोड़ छापेमारी की। जांच एजेंसी ने हावड़ा के कम से कम तीन स्थानों पर छापा मारा, जिसमें व्यापारियों के घर और गोदाम शामिल हैं। बुधवार सुबह ईडी दफ्तर से अलग-अलग टीमें रवाना हुईं। इनमें से एक टीम हावड़ा के जगतवल्लभपुर के दक्षिण संतोषपुर में धान कारोबारी कृष्णपद माल के घर पहुंची, जबकि दूसरी टीम ने उनके गोदाम पर भी छापा मारा। इसके अलावा, हावड़ा के एक सहकारी समिति कार्यालय में भी ईडी की जांच जारी है। इसी दौरान, हावड़ा के श्यामपुर के ससाटी इलाके में व्यापारी पार्थेंदु जाना के घर पर भी ईडी ने छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक, पार्थेंदु किसानों से धान खरीदकर विभिन्न राइस मिलों को बेचते थे और साथ ही ठेकेदारी के व्यवसाय से भी जुड़े थे। हालांकि, छापे के समय वे घर पर नहीं थे। परिवार के अनुसार, पार्थेंदु महाकुंभ में गए हुए हैं।

## तृणमूल कांग्रेस ने निर्मला सीतारमण के दावे को बताया गलत, कहा... 'बंगाल को टार्गेट किया जा रहा है'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राज्य में मनरेगा के तहत 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड मिटाए जाने के दावे को खारिज कर दिया। पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किए गए बयान में कहा कि यह दावा झूठा है और केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल को निशाना बना रही है। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के पहले के एक जवाब का हवाला देते हुए कहा कि 2021-22 और 2022-23 के दो वित्तीय वर्षों में केवल 5,651 फर्जी जॉब कार्ड हटाए गए थे। तृणमूल ने यह भी दावा किया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल का आंकड़ा उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश और बिहार की तुलना में बहुत कम है। तृणमूल कांग्रेस के मंगलवार की रात एक बयान में पूछा गया कि तो फिर बंगाल को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है? बंगाल का मनरेगा फंड क्यों रोका गया, जबकि अन्य राज्यों को अब भी पैसा मिल रहा है? भाजपा गरीबों को भुखमरी की कगार पर धकेल रही है, आजीविका को तबाह कर रही है और अपने आर्थिक नाकेबंदी को सही ठहराने के लिए झूठ फैला रही है। तृणमूल ने आयुष्मान भारत योजना पर भी केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि केंद्र की इस स्वास्थ्य बीमा योजना में इतने सख्त नियम हैं कि लाखों लोग इसका लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं। इसके विपरीत, पश्चिम बंगाल सरकार की अपनी स्वास्थ्य योजना राज्य के 2.45 करोड़ परिवारों को पूर्ण कवरेज देती है।

# हाईकोर्ट का कोलकाता पुलिस के अधिकारी को फटकार, अपराधी के साथ हाथ मिलाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोल्फग्रीन थाना के जांच अधिकारी पर दुष्कृति के साथ हाथ मिलाकर पीड़ित को संकट में डालने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। बुधवार को हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने मामले की सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी को तीव्र तिरस्कार किया। न्यायमूर्ति ने जांच अधिकारी को निर्देश दिया, अगर आपको दक्षता से काम करना है तो कोलकाता पुलिस में रहिए, नहीं तो बंगाल पुलिस में चले जाइए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 फरवरी को तय की है। उस दिन केस डायरियों



सहित पुलिस अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। यदि अधिकारी अदालत में नहीं आते हैं, तो न्यायमूर्ति ने विभागीय जांच का आदेश देने की चेतावनी दी है। अदालत के सूत्रों के अनुसार, 12 सितंबर को गोल्फग्रीन थाना क्षेत्र में अभिनव साहा नामक व्यक्ति पर दो अपराधियों ने हमला किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और पक्षाघात का शिकार हो गए। साहा परिवार का आरोप था कि पुलिस को मामले की सूचना देने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। इसके विपरीत, जांच अधिकारी ने आरोपियों को बचाने की कोशिश की, जिसके बाद यह मामला हाईकोर्ट में पहुंचा।

## हावड़ा में महिला को पीटने पर हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नरेट को जांच के दिए आदेश

**हावड़ा/कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी थानांतर्गत इलाके में महिला को पुलिस द्वारा पीटने के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम ने हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट को जांच करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि पुलिस के खिलाफ शिकायत होने के कारण यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी ऐसे पुलिस अधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा जाए जो बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कर सके। हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र की निवासी सांतना शेख ने आरोप लगाया कि संपत्ति विवाद को लेकर पुलिस ने अचानक उन पर हमला किया। गोलाबाड़ी थाने के एक सब इंस्पेक्टर हीरेन लागा के खिलाफ आरोप है कि महिला अधिकारी के बिना ही महिला को बेरहमी से पीटा गया। महिला ने पुलिस के खिलाफ शिकायत दर्ज की, और मामला अदालत तक पहुंचा। मामले के वकील शुभाशीष चक्रवर्ती ने पलटवार करते हुए कहा कि सब इंस्पेक्टर के खिलाफ सही तरीके से जांच नहीं की गई। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट को जांच करने का आदेश दिया और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि जांच प्रभावित न हो।

## मकाउट विश्वविद्यालय में छात्र की मौत पर विरोध प्रदर्शन जारी, 16 फरवरी तक कक्षाएं स्थगित



**कोलकाता, समाज्ञा :** मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मकाउट) के हरिनघाटा परिसर की पांचवीं मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या करने वाली एक छात्रा की मौत के विरोध में जारी प्रदर्शन के कारण विश्वविद्यालय में कक्षाएं एवं आंतरिक परीक्षाएं 16 फरवरी तक स्थगित रहेंगी। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि छात्रों का एक वर्ग लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है, इसलिए प्रशासन ने 16 फरवरी तक सभी परीक्षाएं स्थगित करने का निर्णय किया है। यह आरोप है कि हरिनघाटा परिसर में प्रदर्शनकारियों ने काम करने वाले दो संविदा कर्मचारियों की पिटाई कर दी। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। छात्रा की मौत के बाद छात्रों के एक वर्ग ने दावा किया कि जब वह जमीन पर पड़ी थी, तब कोई एम्बुलेंस चालक वहां मौजूद नहीं था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें 15-20 मिनट बाद ई-रिक्शा की व्यवस्था करनी पड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। कार्यवाहक कुलपति तापस चक्रवर्ती ने कहा कि छात्रा को परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। संभवतः उसे यह अपमानजनक लगा और उसने यह कदम उठा लिया। विश्वविद्यालय समुदाय इस घटना से स्तब्ध है और परिवार के साथ खड़ा है। विश्वविद्यालय में पांच फरवरी से आंतरिक परीक्षाएं चल रही थीं।

## उत्तर दिनाजपुर के चार छात्र परीक्षा रद्द होने के बाद अब जाएंगे हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर दिनाजपुर के गोयालपोखर लोधा हाई स्कूल के चार छात्र अब कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं। ये छात्र नंदझाड़ आदिवासी तफसिलि हाई स्कूल में माध्यमिक परीक्षा देने गए थे, जहां से उनके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इसके बाद उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई थी। पिछले साल भी जिले के दो छात्रों के पास मोबाइल मिलने के बाद उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इस साल, परीक्षा में मोबाइल लाने की सख्त चेतावनी दी गई थी और परीक्षा के दौरान अगर कोई मोबाइल लाता है तो तीन साल तक उसकी परीक्षा रद्द की जा सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, इन चार छात्रों ने मोबाइल से प्रश्नों के फोटो खींचकर कोचिंग सेंटर के शिक्षक को भेजे थे, जिससे उनके उत्तर भी फोन पर आ गए थे। इसके कारण उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई।

## कोलकाता मेट्रो ग्रीन लाइन पर 13-16 फरवरी और 20-23 फरवरी तक रहेगा ट्रैफिक ब्लॉक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने एस्प्लेनेड और सियालदह स्टेशनों के बीच सुरंग निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक समापन के बाद ग्रीन लाइन पर दो चरणों में पूर्ण ट्रैफिक ब्लॉक लागू करने का निर्णय लिया है। यह ट्रैफिक ब्लॉक 13 फरवरी से 16 फरवरी तक और फिर 20 फरवरी से 23 फरवरी तक (शनिवार और रविवार सहित चार दिन) लागू होगा। यह ब्लॉक संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली के परीक्षण के लिए लगाया जाएगा, जो हावड़ा मैदान से लेकर साल्टलेक सेक्टर पांच तक के मेट्रो कॉरिडोर पर लागू होगा।

## अंग्रेजी की परीक्षा खराब होने से अवसाद में माध्यमिक छात्रा ने की आत्महत्या



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती थाना क्षेत्र में एक माध्यमिक परीक्षार्थी ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि अंग्रेजी परीक्षा खराब होने के कारण वह अवसाद में थी। मृतका की पहचान रुमा नस्कर (14) के रूप में हुई है, जो बासंती सेंट टेरेसा उच्च माध्यमिक गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा थी। अंग्रेजी परीक्षा के बाद अवसाद में डूबी छात्रा का परीक्षा केंद्र सोनाखाली उच्च माध्यमिक हाई स्कूल में था। सोमवार को उसकी बंगाली परीक्षा अच्छी हुई थी, लेकिन मंगलवार को अंग्रेजी परीक्षा खराब होने से वह तनाव में आ गई। परीक्षा के बाद घर लौटकर उसने किसी से ज्यादा बात नहीं की। परिवारवालों को भी उसकी चिंता नहीं हुई। रात में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तब जाकर परिवार को पता चला कि उसने घर में रखी चूहे मारने की दवा खा ली थी। तुरंत उसे बासंती ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद बुधवार की सुबह उसकी हालत बिगड़ने पर कैनिंग महकमा अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से पूरा इलाका शोक में डूब गया है। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अनुसार, रुमा पढ़ाई में अच्छी थी, लेकिन इंग्लिश परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन के कारण वह मानसिक दबाव में थी।

## राज्य बजट 2025 : समग्र विकास और समृद्धि के लिए ठोस और प्रगतिशील कदम



संजय बुधिया



सुशील पोद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल राज्य बजट 2025 को लेकर प्रमुख उद्योगपतियों और समाजिक व्यक्तियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पैटन ग्रुप के मैनेजिंग **डायरेक्टर संजय बुधिया** ने इस बजट को प्रगतिशील, व्यावहारिक और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के रूप में सराहा। उन्होंने कहा कि यह बजट माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में समग्र विकास के लिए कई रणनीतियां अपनाता है, जैसे कि ग्रामीण कनेक्टिविटी में सुधार, नदी कटाव नियंत्रण और कृषि समर्थन को बढ़ावा देना। संजय बुधिया ने यह भी कहा कि 500 करोड़ रुपये का आवंटन गंगा सागर पुल के निर्माण के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा। इसके अलावा, बांग्लार बाड़ी योजना के तहत 16 लाख अतिरिक्त आवासों के निर्माण के लिए 9600 करोड़ रुपये का आवंटन राज्य में रोजगार और समृद्धि लाएगा।

वहीं, सीडब्ल्यूबीटीए के **अध्यक्ष सुशील पोद्दार** ने राज्य बजट की सराहना करते हुए इसे संतुलित और विचारशील बताया। उनका कहना था कि यह बजट राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य को मजबूत करेगा और विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक योजनाओं के तहत राज्य के हर वर्ग को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट से राज्य की विकास दर को गति मिलेगी, जो आम जनता के लिए फायदेमंद साबित होगा। दोनों ने इसे राज्य की समृद्धि की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है।

## बीरभूम में प्रसाद खाने से 1,200 ग्रामीण बीमार, 300 लोग उपचाराधीन

**स्वास्थ्य विभाग ने प्रसाद के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे**

**बीरभूम :** जिले के लाभपुर में पूजा का प्रसाद खाने से लगभग 1,200 लोग बीमार पड़ गए। 300 से अधिक ग्रामीणों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लाभपुर के बड़ोगोगा गांव में पूजा का आयोजन किया गया था। बड़ोगोगा के अलावा आसपास के गांवों छोटोगोगा और हाजीडांगा से सैकड़ों लोग पूजा में शामिल होने के लिए आए थे। हालांकि, प्रसाद खाने के बाद लगभग सभी लोग बीमार पड़ गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर लौटने पर कई लोगों को उल्टी, पेट दर्द और दस्त जैसी विभिन्न समस्याएं होने लगीं। जब कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर हो गई तो उन्हें तुरंत लाभपुर ब्लॉक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें अस्पताल में विशेष निगरानी में रखा गया है।

इसके बाद, डॉक्टरों की एक टीम तीनों गांवों में गई। वहां ग्रामीणों की शारीरिक स्थिति की जांच के लिए एक चिकित्सा शिविर खोला गया। डॉक्टरों का कहना है कि शेष मरीजों की शारीरिक स्थिति फिलहाल स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रसाद के नमूने एकत्र किए हैं तथा उसे जांच के लिए भेजा गया है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रसाद के विषाक्त होने के कारण क्या हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क के छात्रों ने जेईई मेन 2025 में किया शानदार प्रदर्शन



दिशांत बसु



रौनक रॉय



सुमित कुंडू



सुन्हत पारिया



अरित्र राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क के छात्रों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और समर्पण का परचम लहराया है, और इस बार जेईई मेन 2025 (सत्र-1) परीक्षा में अपनी शानदार सफलता के साथ उन्होंने स्कूल का नाम रौशन किया है। इस वर्ष, स्कूल के 19 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 77 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए हैं। इसके साथ ही, 125 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने अथक परिश्रम और स्कूल की उच्च स्तरीय शिक्षा की सफलता को साबित किया है। यह अद्वितीय परिणाम स्कूल की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों की कड़ी मेहनत का बेहतरीन उदाहरण है। 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वालों में दिशांत बसु, अरित्र राय, रौनक रॉय, सुमित कुंडू, सुन्हत पारिया, आरण्यक राय, देबब्रता नस्कर, आर्यन सिन्हा, नक्षत्र दासगुप्ता, प्रण विजय सिंह, अभिरूप बिश्वास, दीप्तांसु रॉय, शुभम बोथरा, इशान पॉल, सौम्यदीप दास, आदित्य कुमार दास, देवब्रता झा, सोहम चटर्जी, आहान भट्टाचार्य शामिल हैं।

## बालू खदान बमबाजी मामले में कांकड़तला थाने के ओसी को किया गया क्लोज

**दुबराजपुर के सीआई सुभाशीष हलधर को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**मामले में तृणमूल नेता समेत 10 गिरफ्तार**

**बीरभूम :** जिले के कांकड़तला थाना क्षेत्र में अवैध बालू खदान से लेनदेन को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। इस घटना के चलते कांकड़तला थाने के ओसी पूर्णेंदु बिकाश दास को रातों-रात क्लोज कर दिया गया। मंगलवार की रात को उन्हें इस संबंध में नोटिस दिया गया। उनकी जगह दुबराजपुर के सीआई शुभाशीष हालदार को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को कांकड़तला के जमालपुर इलाके में अजय नदी से अवैध रूप से बालू खनन के पैसों के बंटवारे को लेकर दो गुटों के बीच बमबाजी हुई। इस झड़प में शेख सत्तार अली नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी एक टांग काटनी पड़ी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें घायल शेख सत्तार भी शामिल है। हालांकि, वह अभी अस्पताल में भर्ती है, जबकि अन्य आरोपितों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अजय नदी से अवैध रूप से लंबे समय से बालू निकाला जा रहा था। इस काम में उज्जवल कादरी और स्वप्न सेन मुख्य रूप से शामिल थे। उनके बीच पैसों के बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ा और हिंसा का रूप ले लिया। पुलिस ने मंगलवार को खयाराशोल से स्वप्न सेन को गिरफ्तार कर लिया है, हालांकि स्वप्न ने इस आरोप को खारिज किया है। इस घटना को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने सख्त रुख अपनाया है और इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## डानकुनी स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर प्रवासी श्रमिक की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** डानकुनी स्टेशन के पास बुधवार को एक प्रवासी श्रमिक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक श्रमिक की पहचान अनिमेष कुमार सिंह (27) के रूप में हुई है, जो जमशेदपुर का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को अनिमेष अपने दो दोस्तों सूरज कुमार और अमर कुमार के साथ जमशेदपुर से डानकुनी के एक लोहे के कारखाने में काम करने के लिए आया था। लेकिन वहां काम पसंद न आने के कारण तीनों ने घर लौटने का निर्णय लिया। सुबह, वे डानकुनी स्टेशन से हावड़ा जाने के लिए लोकल ट्रेन में सवार हुए। बताया जा रहा है कि अनिमेष ट्रेन के दरवाजे का हैंडल पकड़कर खड़ा था, लेकिन अचानक उसका हाथ फिसल गया और वह रेल पटरियों पर गिर गया। इसके बाद, सूरज और अमर बेलूर जीआरपी पहुंचे और रेलवे पुलिस से संपर्क किया। रेलवे पुलिस ने शव को हावड़ा जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने के लिए मुर्शिदाबाद में नया गुड्स शेड चालू किया गया

**स्थानीय उद्यमियों के लिए प्रोत्साहन की भी घोषणा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे माल परिवहन को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 45% करने के लिए लगातार काम कर रहा है। इस प्रयास के एक हिस्से के रूप में पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह डिवीजन इस मिशन को गति दे रहा है, जिससे माल लदान क्षमता बढ़ाने और ग्राहक सेवा में सुधार करने में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। इस दिशा में एक प्रमुख विकास में सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने बुधवार को मुर्शिदाबाद में एक नया माल शेड का शुभारंभ (चालू) किया, जिसे इस क्षेत्र में रसद और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक बयान में बताया गया कि नया चालू मुर्शिदाबाद गुड्स शेड बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश का प्रतिनिधित्व करता है, जो कमोडिटी ट्रांसपोर्ट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है। यह अल्ट्रा मार्डन सुविधा सीमेंट, उर्वरक, खाद्यान्न आदि सहित विभिन्न प्रकार के सामानों को संभालेगी, जो व्यवसायों को अधिक व्यवहार्य और विश्वसनीय शिपिंग विकल्प प्रदान करेगी।नया माल शेड मौजूदा कोसिमबाजार गुड्स शेड पर दबाव को कम करेगा, संचालन को सुव्यवस्थित करेगा और ग्राहकों के लिए पारगमन समय को काफी कम करेगा।डीआरएम ने वरिष्ठ मंडल अधिकारियों के साथ स्थानीय व्यापारियों के साथ नई सुविधा को बढ़ावा देने और इसके लाभों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात भी की। अधिकारियों ने बताया कि इस आउटरीच प्रयास का उद्देश्य एक बड़े ग्राहक आधार की सेवा करना और मुर्शिदाबाद क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है। स्थानीय व्यापारियों को मुर्शिदाबाद गुड्स शेड का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करने के लिए सियालदह डिवीजन ने एक विशेष प्रस्ताव की भी घोषणा की है। टर्मिनल शुल्क, जो सामान्यतः 20 रुपये प्रति टन होता है, परिचालन के पहले वर्ष के लिए पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण प्रोत्साहन से स्थानीय व्यापारियों की अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिलने तथा रेल माल ढुलाई को अधिक सुलभ और कुशल बनाकर क्षेत्र के भीतर आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## बहरमपुर में रेलवे कर्मचारियों के लिए नए स्वास्थ्य केंद्र की हुई शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए एक नया स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया गया। यह स्वास्थ्य सुविधा बरहमपुर कोर्ट स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले बड़ी संख्या में रेलवे कर्मियों और उनके परिवारों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करेगी। इस उद्घाटन समारोह में पूर्व रेलवे के प्रमुख चिकित्सा निदेशक डॉ. अनिरुद्ध कीर्तानिया, सियालदह के डीआरएम दीपक निगम और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कल्पना मंडल की उपस्थिति रही। नया स्वास्थ्य केंद्र अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है और इसमें योग्य चिकित्सकों की टीम कार्यरत होगी। इस केंद्र का उद्देश्य कर्मचारियों को उनके ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। डीआरएम दीपक निगम ने स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना में योगदान देने वाली टीम का आभार व्यक्त किया। कर्मचारियों और उनके परिवारों ने इस पहल की सराहना की, और इसे उनके लिए अत्यधिक लाभकारी बताया।

## महानगर में खुला अपोलो चेन्नई इनफार्मेशन सेंटर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अपोलो चेन्नई ने हेल्थ चेक के साथ मिल कर इनफार्मेशन सेंटर सेंटर खोला है। इस पहल का नेतृत्व अंजलि ज्वेलर्स के निदेशक अनर्घ्य उत्तिया चौधरी कर रहे हैं। हेल्थ चेक, कोलकाता और अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई के बीच एक सेतु का काम करेगा, जिससे रोगियों को जाने-माने विशेषज्ञों से उन्नत परामर्श प्राप्त करने और स्थानीय स्तर पर अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीक तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इसके लांच के अवसर पर अंजलि ज्वैलर्स के निदेशक अनर्घ्य उत्तिया चौधरी ने कहा कि अब हम स्वास्थ्य सेवा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मौके पर अपोलो हॉस्पिटल्स, चेन्नई के वरिष्ठ सलाहकार ट्रॉमा और ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ मदन थिरुवेंगडा ने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल्स और हेल्थ चेक के बीच यह साझेदारी कोलकाता में स्वास्थ्य सेवा के लिए एक बड़ा बदलाव है।

## गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड का शुद्ध लाभ 4,500% बढ़ा, मजबूत तिमाही परिणाम घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने शुद्ध लाभ में 4,500% की अभूतपूर्व वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी का शुद्ध लाभ 0.46 लाख रुपए से बढ़कर 21.16 लाख रुपए हो गया है। इसके साथ ही, तिमाही की आय में भी 1,360% का उछाल देखा गया, जो 21.59 लाख रुपए से बढ़कर 315.23 लाख रुपए हो गई। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में असाधारण प्रदर्शन किया। नौ महीनों की कुल आय 1,480.86 लाख रुपए थी, जो पिछले वर्ष के 36.96 लाख रुपए से 2,007% अधिक रही। शुद्ध लाभ 94.40 लाख रुपए हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,500% से ज्यादा था। गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड कृषि उत्पादों के क्षेत्र में प्रमुख नाम है और इसका कारोबार थोक सब्जियों और फलों के व्यापार में है। कंपनी का मार्केट कैप 38.04 करोड़ रुपए है, और इसके शेयर में हाल में 35% की वृद्धि हुई है।

## अमेजन फार्मेसी ने भारत भर में दवाओं की पहुंच को किया सरल

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन फार्मेसी ने ग्राहकों को लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से जोड़कर दवाओं की ऑनलाइन खरीदारी को सरल बना दिया है। यह सेवा भारत के सभी सेवायोग्य पिन कोड्स पर उपलब्ध है, जिससे ग्राहक घर बैठे प्रिस्क्रिप्शन दवाओं, ओटीसी दवाओं, मेडिकल उपकरणों और अन्य स्वास्थ्य उत्पादों को ऑर्डर कर सकते हैं। अमेजन इंडिया के फार्मेसी निदेशक हर्ष गोयल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य देश के दूरस्थ इलाकों जैसे अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, और लद्दाख में भी दवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करना है। अमेजन फार्मेसी 23 प्रमुख शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, अमेजन फार्मेसी पर कैशबैक ऑफर्स, मुफ्त डिलीवरी और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे यह सेवा ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो रही है।

## मालदह में मादक पदार्थ के साथ महिला गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह शहर के रथबाड़ी चौराहे से पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। बुधवार की सुबह इंग्लिश बाजार पुलिस स्टेशन ने मिली सूचना के आधार पर बसों की तलाशी शुरू की। खबर लिखे जाने तक महिला परिचय नहीं मिल पाई थी। पुलिस महिला का परिचय जानने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान महिला के बैग से नशीले पदार्थ बरामद किए गए। इसके बाद, महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह ड्रग्स कहां से ले जा रहा था। इसमें और कौन-कौन शामिल है।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने 17 खोए हुए सामनों को किया बरामद




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल अपने क्षेत्राधिकार में यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऑपरेशन अमानत के तहत 11 फरवरी को आरपीएफ ने हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह डिवीजन से 17 खोई हुई सामग्रियों को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन सामानों में कीमती वस्तुएं और नकदी शामिल थीं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 7,78,908 रुपये थी। सामान की सही तरीके से पुष्टि के बाद इन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। यात्रियों ने उनके सामान की सुरक्षित वापसी के लिए आरपीएफ और पूर्व रेलवे का दिल से धन्यवाद दिया, जिससे रेलवे की सुरक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता में विश्वास और मजबूत हुआ। यह पहल पूर्व रेलवे के यात्रियों के प्रति विश्वास और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों को और मजबूती प्रदान करती है।

## माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति का सेवा कार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने गंगासागर स्थित स्वर्ग आश्रम भवन में एक विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क चाय, बिस्कुट, हलवा, पुड़ी, सब्जी और नाश्ते का वितरण कर रहा है। यह सेवा कार्य 11 फरवरी से शुरू हुआ और यह माघ पूर्णिमा के दिन तक जारी रहेगा। समिति के सचिव नंदकिशोर भुतड़ा, उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, वरिष्ठ सदस्य राजकुमार पसारी, सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, राम आधार प्रजापति, राकेश कुमार शर्मा, महिला कार्यकर्ता सरिता पसारी, सरला भुतड़ा, सुशीला पोद्दार, राधा चांडक, अवंतिका चांडक, आयशा सिंह और सुनील केडिया व अन्य कार्यकर्ता इस सेवा कार्य में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। समिति अध्यक्ष महेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि हर वर्ष माघ पूर्णिमा के दिन इस सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है।

## अपोलो हॉस्पिटल्स, कोलकाता बाल चिकित्सा रोबोटिक सर्जरी में सबसे आगे




**कोलकाता, समाज्ञा :** अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, कोलकाता ने (पीडियाट्रिक) रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की है। यह तकनीक बच्चों में जटिल सर्जरी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, जिससे कम दर्द, तेजी से रिकवरी और अत्यधिक सटीकता सुनिश्चित की जा रही है। रोबोटिक सर्जरी कई अनूठे लाभ प्रदान करती है, जैसे कि रोबोटिक आर्म की 360-डिग्री गति, जो मानव हाथ की गतियों की नकल करती है और बीमारियों का सबसे सटीक रूप से पता लगाने में मदद करती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में, अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, कोलकाता के पीडियाट्रिक रोबोटिक सर्जन, डॉ. देवाशीष मित्रा ने इस नवाचार पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बाल चिकित्सा में रोबोटिक सर्जरी एक गेम-चेंजर है। यह न केवल छोटे रोगियों के लिए कम आघातकारी होती है, बल्कि तेजी से रिकवरी और बेहतर परिणाम भी सुनिश्चित करती है। अपोलो की विशेषज्ञता पहले ही कई जटिल स्थितियों से जूझ रहे बच्चों को लाभ पहुंचा चुकी है। डॉ. संध्यमित्रा भट्टाचार्य के सहयोग को भी विशेष रूप से स्वीकार किया। मौके पर डॉ. सुरिंदर सिंह भाटिया, डीएमएस, अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, कोलकाता में उपस्थित थे।

# महाकुंभ से लौटते समय सड़क हादसे में देगंगा के तृणमूल नेता की पत्नी और रिश्तेदार की मौत, 8 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाकुंभ से लौटते समय एक दर्दनाक सड़क हादसे में राज्य के दो निवासियों की मौत हो गई। बिहार के सासाराम में हुई इस दुर्घटना में देगंगा के तृणमूल नेता की पत्नी और उनके एक रिश्तेदार की जान चली गई। हादसे में तृणमूल नेता समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले तृणमूल नेता उज्जवल दास और उनकी पत्नी जीतू दास, कार किराए पर लेकर महाकुंभ में स्नान के लिए गए थे। बुधवार तड़के सासाराम के पास लौटते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तृणमूल नेता की पत्नी जीतू दास और रिश्तेदार लक्ष्मी चक्रवर्ती की मौत हो गई। उज्जवल दास और रंजन दास सहित अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को सासाराम से पटना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद देगंगा में शोक की लहर है।

## महाकुंभ से लौटते समय ट्रेन में सिलीगुड़ी निवासी की मौत

**सिलीगुड़ी :** महाकुंभ नगर से लौट रहे पुण्यार्थी रमेश जायसवाल की ट्रेन में मौत हो गयी है। रमेश जयसवाल सिलीगुड़ी के वार्ड 11 के निवासी थे। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर सिलीगुड़ी उनके निवास पहुंचा, जिससे परिवार सहित इलाके में मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार, गत 7 फरवरी को रमेश अपने एक दोस्त के साथ महाकुंभ में स्नान करने गए थे। प्रयागराज में स्नान के बाद 10 फरवरी को राजधानी से घर के लिए निकले थे। अचानक ट्रेन में में ही दिल का दौरा पड़ने से रमेश की मौत हो गयी। घटना के बाद उनके दोस्त ने परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। रमेश का पार्थिव शरीर सिलीगुड़ी उनके घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही पूरा परिवार फूट-फूटकर रोने लगा। खबर पाकर वार्ड पार्षद मंजूश्री पाल और भाजपा नेता नांटू पाल मौके पर घर पहुंचे। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रमेश को डायबिटीज की समस्या थी। ट्रेन में बहुत भीड़ थी। जिस वजह से दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।

## बाइक से महाकुंभ जा रहे हावड़ा के युवक की सड़क हादसा में हुई मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** महाकुंभ जाने के दौरान बिहार में हावड़ा के युवक बूबाई माईती (25) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा सोमवार को हुआ, जब बूबाई और उनके साथी प्रयागराज के महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के स्नान के लिए बाइक से जा रहे थे। मंगलवार की सुबह बिहार के औरंगाबाद में उनकी बाइक एक ट्रक से टकरा गई। दोनों सड़क पर गिर पड़े, बूबाई गंभीर रूप से घायल हुए। घंटों बाद पुलिस ने उन्हें अस्प-ताल पहुंचाया, जहां बूबाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का मानना है कि बाइक की तेज गति के कारण हादसा हुआ। बूबाई राज्य विद्युत निगम के अस्थायी कर्मचारी थे।

## महाकुंभ में स्नान के दौरान डूबने से भाटपाड़ा की गृहिणी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के भाटपाड़ा थाना क्षेत्र के नारायणपुर तालिखोला इलाके की रहने वाली 55 वर्षीय बाबली मूहरी की महाकुंभ स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वह अपने पति तपन कांती मूहरी के साथ 10 तारीख को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गई थीं। स्नान करते समय बाबली देवी अचानक डूब गईं और पानी से बाहर नहीं आ सकीं। कुछ समय बाद उनका शव पानी से निकाला गया और स्थानीय अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद भाटपाड़ा में शोक की लहर दौड़ गई।

# माघी पूर्णिमा पर गंगासागर में उमड़ा श्रद्धालुओं का भव्य सैलाब



**गंगासागर, समाज्ञा :** गंगासागर मेला अभी एक महीने पहले ही समाप्त हुआ था, जब मकर संक्रांति के पवित्र अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था का पर्व मनाया। लेकिन अब, माघी पूर्णिमा के दिन गंगासागर ने एक बार फिर से श्रद्धालुओं का भव्य सैलाब देखा। पुण्य लाभ की कामना के साथ भक्तजन अपने-अपने घरों से निकलकर गंगासागर के पवित्र जल में स्नान करने पहुंचे, और इस पर्व ने एक नया उल्लास भरा माहौल बना दिया। इस अवसर पर कपिल मुनि मंदिर परिसर को सजाने के लिए विशेष रोशनी की व्यवस्था की गई थी, जो स्थल को एक दिव्य रूप दे रही थी। श्रद्धालुओं के लिए सुबह से ही पर्याप्त संख्या में नौका सेवाएं (वेसल सेवा) उपलब्ध कराई गई थीं, ताकि वे आसानी से गंगा के जल में स्नान कर सकें। रास्ते के दोनों ओर सजी दुकानों ने मेले का दृश्य और भी रंगीन बना दिया था। वहीं, कई संगठनों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, और स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक सेवाओं की पूरी तैयारी की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर लॉट 8 घाट, कचुबेरिया और कपिल मुनि मंदिर परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल और सिविल डिफेंस की टीम तैनात थी। सुबह से ही सागर मेला कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की भीड़ जुटी थी। सागर के बीडीओ कनैया कुमार राय, जीबीडीए के एग्जिक्यूटिव ऑफिसर नीलांजन तराफदार, एडीएम एल. ए. हरसिमरन सिंह, और जीबीडीए के चेयरमैन और सह-सभापति श्रीमंत कुमार माली सहित कई महत्वपूर्ण अधिकारी मौके पर मौजूद थे। जीबीडीए के चेयरमैन श्रीमंत माली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 12 फरवरी सुबह 9 बजे तक लगभग 6 लाख श्रद्धालु गंगासागर में स्नान कर चुके थे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस भव्य आयोजन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है, और यह आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रहा है।

## कोलकाता हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण 10 उड़ान प्रभावित



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाईअड्डे पर बुधवार को घने कोहरे के कारण कम से कम दस उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यहां आने वाली उड़ानों में कोई विलंब नहीं हुआ क्योंकि विमानों के उतरते समय कम दृश्यता प्रक्रियाओं (एलवीपी) का पालन किया गया। एएआइ के प्रवक्ता ने बताया कि कम दृश्यता प्रक्रियाओं (एलवीपी) को सुबह 3.40 बजे से लेकर सुबह 7.40 बजे तक लागू किया गया था। कोलकाता में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी), कम दृश्यता प्रक्रियाओं (एलवीपी) की घोषणा तब करता है जब दृश्यता 800 मीटर से कम हो जाती है। इस दौरान फालो-मी वाहन विमानों को उनके स्टैंड तक पहुंचने के लिए निर्देशित करता है। उन्होंने बताया कि एलवीपी के दौरान कोलकाता आने वाली 12 उड़ान और यहां से प्रस्थान करने वाली 26 उड़ान संचालित की गई। प्रवक्ता ने आगे कहा कि खराब मौसम के कारण न तो आने वाली और न ही जाने वाली कोई उड़ान रद की गई और न ही किसी को परिवर्तित किया गया। इस सर्दी में कई मौकों पर हवाईअड्डे पर घने कोहरे ने उड़ान संचालन को बाधित किया।

## बंगाल की जेलों में बंद महिलाओं ने एक साल में दिया 196 बच्चों को जन्म!



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की महिला जेलों में 2024 से 2025 के बीच 196 बच्चों के जन्म की घटनाएं राज्य में एक बड़ा विवाद बन गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये महिलाएं, जो किसी अपराध के लिए सजा काट रही थीं, जेल में आने के बाद गर्भवती हुईं। कलकत्ता हाईकोर्ट में इस मामले में एक जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया है और रिपोर्ट तलब की है। भाजपा ने इस मामले को राज्य के प्रशासन की असफलता के रूप में उठाया है। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस मामले के लिए जिम्मेदार ठहराया है और उनसे जवाबदेही की मांग की है। इस घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि महिला कैदियों की गर्भावस्था के पीछे कौन है? इन बच्चों के पिता कौन हैं? जेल की सुरक्षा और प्रबंधन में क्या कमी है जिससे ऐसी घटनाएं हो रही हैं? कोर्ट ने इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि पहले भी 2024 में इस मुद्दे पर संज्ञान लिया गया था, जहां जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मामले पर जांच करने को कहा था।

## कांग्रेस में वापस लौटे पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे

कहा... 'पार्टी में वापस लौटकर में खुश हूं, कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी'

✒ 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे अभिजीत मुखर्जी




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र पूर्व सांसद अभिजीत मुखर्जी बुधवार को वापस कांग्रेस में लौट आए। बंगाल कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कोलकाता में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि अभिजीत ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि एक कांग्रेसी वापस कांग्रेस में आएगा। पार्टी में वापस लौटकर मैं खुश हूं। कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी। जो सम्मान मुझे कांग्रेस में मिला, वह कहीं नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के पास बंगाल में एक भी सीट नहीं है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर हम शून्य को एक में बदल सकते हैं, तो यह हमारे लिए एक उपलब्धि होगी। गौरतलब है कि अभिजीत मुखर्जी 2021 में कांग्रेस से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। तृणमूल में शामिल होने के बाद वे हाशिए पर थे और उन्हें पार्टी में कोई पद या जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मुर्शिदाबाद के जंगीपुर से पूर्व कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने पिछले साल लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद ही कांग्रेस में वापस लौटने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि तृणमूल में शामिल होने के बाद मुझे ऐसा कोई काम नहीं मिला। टीएमसी की कार्य संस्कृति कांग्रेस से बिल्कुल मेल नहीं खाती है। अब बहुत हो गया।

## हाईकोर्ट ने दंपती को आईवीएफ के जरिए बच्चा पैदा करने की दी विशेष अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोलकाता के इंटाली के एक दंपती को सहायक प्रजनन तकनीक (आईवीएफ) के जरिए बच्चा पैदा करने की विशेष अनुमति दी। दरअसल, दंपती ने पिछले वर्ष दिसंबर में एक प्रजनन क्लिनिक में सहायक प्रजनन तकनीक के लिए आवेदन किया था। क्लिनिक ने बताया था कि पति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है, इसलिए अदालत की अनुमति के बिना इस प्रक्रिया को लागू करना संभव नहीं है। या फिर स्वास्थ्य भवन से विशेष अनुमति लेनी होगी। इसके बाद, उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि दंपती को बच्चे पैदा करने में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने संबंधित क्लिनिक के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वादी को सहायक प्रजनन तकनीक की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। दंपती की शादी 26 साल पहले हुई थी। उनके कोई बच्चे नहीं हैं। फिलहाल पति की उम्र 62 और पत्नी की 46 है। केंद्रीय कानून में कहा गया है कि भले ही मां बच्चे को जन्म देती है, लेकिन उसके पालन-पोषण में पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। इसी कारण, संबंधित कानून के अनुसार आईवीएफ प्रक्रिया में पुरुषों और महिलाओं के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। इसमें कहा गया है कि पुरुष की आयु 21 से 55 वर्ष तथा महिलाओं के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक दंपती के मामले में यद्यपि पत्नी पात्र है, लेकिन पति की आयु काफी अधिक है।

## 'दिल्ली में मिलकर लड़ना था चुनाव', प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने कांग्रेस-आप के बीच गठबंधन की वकालत

**कोलकाता, समाज्ञा :** गत 8 आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के रिजल्ट का ऐलान हुआ। इसमें भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस समेत छोटी-बड़ी पार्टियों को मात देकर दिल्ली की सत्ता में प्रचंड बहुमत के साथ वापसी की। इसी बीच, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की इस हार पर नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने प्रतिक्रिया दी है। नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच एकता की मजबूत जरूरत की बात की है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों को दिल्ली चुनाव एक साथ मिलकर लड़ना चाहिए था। बीरभूम जिले में अपने पैतृक घर पर एक इंटरव्यू के दौरान सेन ने कहा कि यदि भारत में धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखना है, तो न केवल एकता होनी चाहिए, बल्कि उन बुनियादी बातों पर सहमति भी होनी चाहिए, जिन्होंने भारत को बहुलवाद का बेहतरीन उदाहरण बनाया है। सेन ने आगे कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों को ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश किया जाना चाहिए, लेकिन निश्चित तौर पर इसका अपना महत्व है। अगर आप जीत जाते, तो उस जीत का अपना मतलब होता। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली चुनाव में आप की हार के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण उन लोगों के बीच एकता की कमी थी। साथ ही, सेन ने कहा कि आप की स्पष्ट नीतियों की कमी भी हार का कारण थी। आप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि आप पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष हैं और सभी भारतीयों के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व को ज्यादा महत्व दिया गया था, और आप ने धार्मिक सांप्रदायिकता के खिलाफ कितनी प्रतिबद्धता है यह भी स्पष्ट नहीं किया।

**❏ आप की स्कूली शिक्षी नीति की सराहाना**

हालांकि, सेन ने आप के स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि कांग्रेस को इन मुद्दों पर आप के साथ मिलकर काम करना चाहिए था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी और उसके परिवार ने दिल्ली में आप के प्रयासों की तारीफ की, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में। इसके साथ ही सेन ने यह भी कहा कि दिल्ली चुनाव में विपक्षी दलों का ध्यान सार्वजनिक सेवाओं की बजाय शराब लाइसेंस और कर कानूनों पर था, जिससे चुनावी नतीजे प्रभावित हुए। उन्होंने यह सुझाव दिया कि आप को धर्मनिरपेक्षता, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए था और इन मुद्दों पर कांग्रेस के साथ मिलकर काम करना चाहिए था।

## आरजीकर भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट पेश करने की तैयारियां, संदीप के वकील को सीबीआई ने सौंपे दस्तावेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार मामले की चार्जशीट पेश करने के लिए सीबीआई तैयार है। कोलकाता हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार, आज यानी बुधवार को सभी दस्तावेज़ आरोपी के वकील के हाथों में सौंप दिए गए। इन दस्तावेजों को जांचने के लिए शनिवार तक का समय दिया गया है। उस दिन वकील अदालत में अपनी बात रख सकेंगे। मंगलवार को इस मामले में कोलकाता हाई कोर्ट के जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस गौरंग कांत की बेंच के समक्ष सुनवाई के दौरान, आरजीकर के पूर्व प्रमुख संदीप घोष, जिन पर वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप है, के वकील ने कहा कि सीबीआई ने 462 दस्तावेजों में से केवल 216 दस्तावेज ही अब तक दिए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अधूरे दस्तावेजों के आधार पर सुनवाई कैसे होगी। इसके बाद, न्यायाधीशों ने सीबीआई को निर्देश दिया कि बुधवार तक सभी दस्तावेज आरोपी के वकील को सौंपे जाएं। न्यायाधीशों के निर्देशों के अनुपालन में, बुधवार को सीबीआई ने सभी दस्तावेज अलिपुर की विशेष सीबीआई अदालत में सौंप दिए। इसके बाद संदीप घोष के वकील ने दस्तावेजों की जांच करने के लिए समय मांगा और अदालत ने उन्हें शनिवार तक का समय दिया। इस समय सीमा के भीतर, वकील दस्तावेजों की जांच करके अदालत में अपनी दलीलें पेश कर सकते हैं। अगर दस्तावेजों को लेकर कोई सवाल या आपत्ति होती है, तो वह भी अदालत में सुनी जाएगी।

## कसबा में गांजा तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा पुलिस थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। 11 फरवरी को सूचना मिलते ही, डॉ. जीएस बोस रोड इलाके में नार्कोटिक सेल/डीडी की एक टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, टीम ने आरोपियों के पास से 1 किलो 05 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसे आरोपियों ने अपनी स्कूटर में छिपा रखा था। आरोपियों की पहचान मिलन कहार (30) और देबाशीष सामंत (38) के रूप में हुई है। आरोपी देबाशीष सामंत ने मिलन कहार को यह गांजा पहुंचाने के लिए भेजा था। कसबा पुलिस स्टेशन में इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## नदिया में चिटफंड कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप, शेयर खरीदने और बेचने की ट्रेनिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणपुर में एक चिटफंड कंपनी के धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शेयर खरीदने और बेचने की ट्रेनिंग देकर और आर्थिक प्रलोभन दिखाकर कई सौ करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप इस चिटफंड कंपनी पर लगा है। इस कंपनी ने 'स्टॉक गुरुकुल' नाम से प्रशिक्षण देने का विज्ञापन देकर लोगों को प्रलोभित किया। इस चिटफंड का प्रमुख शुभ्र कांति नाग था, जिसके खिलाफ पहले ही कल्याणपुर के निवासियों द्वारा कई शिकायतें दर्ज की गई थीं। चिटफंड कंपनी के खिलाफ सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इस मामले की शिकायत आर्थिक अपराध विभाग में दर्ज की गई है। इसके बाद, प्रशासन द्वारा जांच शुरू कर दी गई और ऑफिस सील कर दिया गया। इस घटना के बाद मुख्य आरोपी फरार है। इस मामले में तृणमूल पंचायत प्रमुख सुप्रकाश देवनाथ का नाम भी सामने आया है। जानकारी मिल रही है कि घटना के सामने आने के बाद तृणमूल नेता फरार हो गए हैं।

## न्यूटाउन में नाबालिका से दुष्कर्म और हत्या के बाद पुलिस का सख्त कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन में नाबालिका से दुष्कर्म और हत्या के बाद विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब न्यू टाउन में ई-रिक्शा, ऑटो और टोटो चालकों के लिए पुलिस तस्वीरों के साथ पहचान पत्र जारी करेगी। इसके तहत, सभी चालकों का नाम पुलिस के पास दर्ज किया जाएगा। विधाननगर पुलिस ने उनके आईडी कार्ड एकत्र करने का आदेश दिया है। राज्य पुलिस की वेबसाइट पर रिक्साचालकों का आधार कार्ड, ईमेल आईडी और नाम ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। पुलिस ने इस कार्य को इस महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह कदम अपराधों की रोकथाम और पहचान में मदद करेगा।

## सियालदह स्टेशन पर नैहाटी लोकल में लगी आग, कोई हताहत नहीं




**कोलकाता, समाज्ञा :** कूचबिहार रेल हादसे के 24 घंटे के अंतराल में एक और रेल हादसा सामने आया है। बुधवार को सियालदह स्टेशन पर नैहाटी लोकल में आग लग गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, ट्रेन तड़के 4.08 बजे सियालदह स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 पर आप नैहाटी लोकल रुकी थी। उसी समय अचानक ट्रेन के पहले डिब्बे में आग लग गई। आग की लपटें देख स्टेशन परिसर में हंगामा मच गया। खतरे से बचने के लिए तुरंत बिजली काट दी गई। ट्रेन को कार शेड में ले जाया गया। नैहाटी के लिए पहली ट्रेन वैकल्पिक रेक के साथ सियालदह से शाम 4.19 बजे रवाना हुई। चूंकि, सुबह ट्रेन में कोई यात्री नहीं था जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया। घटना के संबंध में सियालदह डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी एकलव्य चक्रवर्ती ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या पांच पर एक रेक लगाया गया था। सुबह 4.08 बजे, रेक के पीछे (सियालदह की ओर) पेंटोग्राफ पर आग की लपटें और धुआं देखा गया। इसके बाद, बिजली आपूर्ति बंद कर गाड़ी को कारशेड में ले जाया गया। घटना के दौरान सुबह 4.08 बजे से 4.19 बजे तक प्लेटफार्म नंबर-5 से कोई भी ट्रेन नहीं गुजरी।

## दार्जिलिंग-डूआर्स को जोड़ने वाले नए पुल की योजना अंतिम चरण में, निर्माण पर खर्च होंगे 1190.40 करोड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** दार्जिलिंग हिल्स को डूआर्स क्षेत्र से जोड़ने के लिए कोरोनेशन ब्रिज के वैकल्पिक पुल के निर्माण की योजना अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस पुल को पश्चिम बंगाल में तीस्ता नदी पर एनएच-17 पर बनाया जाएगा। केंद्र सरकार इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने की दिशा में कार्य कर रही है। पश्चिम बंगाल भाजपा की ओर से इस बारे में बुधवार को एक दस्तावेज जारी किया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि लोकसभा में इस संबंध में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो चुकी है और इसके अनुमोदन की प्रक्रिया जारी है। डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद सरकार से स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। गडकरी ने बताया कि इस नए पुल की अनुमानित लागत 1190.40 करोड़ रुपये तय की गई है। परियोजना के तहत निर्माण कार्य को 36 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पुल का निर्माण कार्य तभी शुरू होगा जब सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा। बता दें कि कोरोनेशन ब्रिज वर्षों से दार्जिलिंग हिल्स और डूआर्स क्षेत्र को जोड़ने का मुख्य मार्ग रहा है। लेकिन ब्रिज की जर्जर स्थिति और लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सरकार ने इसका वैकल्पिक पुल बनाने का निर्णय लिया है। इस नए पुल से यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों को सुगम करने में मदद मिलेगी।

## रेजिस्ट्री के बावजूद सामाजिक विवाह के लिए दबाव, बागनान में युवक ने की पत्नी की हत्या



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बागनान में सामाजिक विवाह के लिए लगातार दबाव बनाने के कारण एक युवक ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी। यह हावड़ा के बागनान के रामचंद्रपुर क्षेत्र में घटी है। मृतका का नाम नर्गिस खातून (23) है। हत्या के आरोप में पुलिस ने आजाद खान को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, नर्गिस की शादी करीब नौ साल पहले रबी भाग इलाके में हुई थी। उनका एक बच्चा भी है। लेकिन पति-पत्नी के बीच अनबन होने के कारण नर्गिस अपने परिवार के घर आ गई थी। बाद में उनका तलाक भी हो गया। करीब एक साल पहले नर्गिस ने फिर से आजाद के साथ संबंध स्थापित किया। खबर है कि उन्होंने रजिस्ट्रि मैरिज की थी। सामाजिक विवाह करने के लिए नर्गिस लगातार दबाव डाल रही थी। इस बीच आजाद के परिवार के लोगों को इस संबंध के बारे में पता चला, जिससे उन्होंने आपत्ति जताई। इस मामले में नर्गिस और आजाद के बीच तीव्र विवाद चल रहा था। मंगलवार रात बाहर जाने के नाम पर नर्गिस को बुलाया गया। इस दौरान आजाद ने नर्गिस की हत्या कर दी। बागनान थाना की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच जारी है।

## लिफ्ट के जमे पानी में मिला लापता मजदूर का सड़ा-गला शव

**हावड़ा, समाज्ञा :** तीन दिनों से लापता मजदूर का शव हावड़ा जिलांतर्गत एक निर्माणाधीन इमारत के लिफ्ट क्षेत्र में जमे पानी से बरामद किया गया। घटना बुधवार की दोपहर बाली निश्चिन्दा के घोषपाड़ा इलाके की है। शव बरामद होने के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत मजदूर का नाम सुबोध रॉय (40) है। वह समस्तीपुर, बिहार का निवासी हैं। वह बढ़ई का काम करता था। दूसरे जगह काम करने के बावजूद वह सहकर्मियों के साथ बाली निश्चिन्दा घोषपाड़ा इलाके में रहता था। सूत्रों के अनुसार, पिछले सोमवार को सुबोध अचानक गायब हो गया। इसके बाद, बुधवार की सुबह उसका शव जमे हुए पानी में तैरता हुआ पाया गया, जहां नवनिर्मित आवास के लिए लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा था। शव को तैरता देख सहकर्मियों ने निश्चिन्दा थाने को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बेलूर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अनुमान लगाया है कि मृतक शराब का आदी था। नशे में वह किसी तरह गिर पड़ा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रिसड़ा में तीन मूर्ति दर्शन के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

✒ नदी पार करने के लिए फेरी घाट पर कतारबद्ध नजर आये हजारों भक्त



**हुगली, समाज्ञा :** जिले में माघ पूर्णिमा के दिन आस्था, भक्ति, विश्वास का अटूट संगम देखने को मिला। एक तरफ त्रिवेणी संगम पर आयोजित अनुकुंभ में हजारों की तादात में साधु, संतों, श्रद्धालुओं ने शाही स्नान किया तो दूसरी तरफ रिसड़ा के भांगा घाट पर कतारबद्ध हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखने की मिली लेकिन यह भीड़ गंगा स्नान के लिए बल्कि तीन मूर्ति दर्शन के लिए उमड़ी थी। माघ पूर्णिमा के दिन भिन्न जिलों से हजारों की तादात में भक्तों का समागम श्रीरामपुर स्थित राधा बल्लभ मंदिर में हुआ। वहां पूजा अर्चना करने के बाद भक्तगण महेश स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। फिर पूजा संपन्न करके रिसड़ा के भांगा घाट पहुंचे। तीन मूर्ति दर्शन करने बनगांव के गोपाल नगर से आये एक भक्त सजल पाल ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद तीन मूर्ति दर्शन का विशेष विधान है। इस दिन तीन मूर्ति दर्शन करने से अगाध पुण्य की प्राप्ति होती है। मानव जीवन तर जाता है। मोक्ष की प्राप्ति होती है। आज सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले जो भक्त तीन मूर्ति के दर्शन करता है वह भवसागर तर जाता है उसे बैकुंठ की प्राप्ति होती है। यह अवसर बार बार नहीं मिलता। क्यूंकि मानव जीवन बड़ी मुश्किलों से प्राप्त होता है जो नर तीन मूर्ति के दर्शन कर पाता वह देवलोक में स्थान पता है यह किवंदती है। तीन मूर्तियों में पहला मंदिर हुगली के श्रीरामपुर स्थित राधा बल्लभ मंदिर है दूसरा मंदिर खरदह स्थित श्यामसुंदर है और तीसरा मंदिर साइबन स्थित नन्ददुलाल का है यह तीनों कृष्ण भगवान के रूप है। तीनों को अलग अलग नाम से जाना जाता है। महिला श्रद्धालुओं ने कहा कि सबका मंगल हो सब गौरांग, निताई, प्रभु कृष्ण की भक्ति में विभोर हो मन से विकार खत्म हो सद्भावना का विस्तार हो।

इस दौरान रिसड़ा नगरपालिका के तरफ से श्रद्धालुओं के लिए फेरी घाट पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। रिसड़ा नगरपालिका के स्वयं सेवक समेत रिसड़ा थाना की तरफ से सुरक्षा का चाक चौबंद प्रबंध किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में महिला पुरुष पुलिसकर्मी समेत सिविक वालंटियर तैनात रहे। पार्षद तापस सर्किल ने कहा कि माघ पूर्णिमा के दिन पालिका के तरफ से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये जाते हैं। पालिका के स्वयंसेवक घाटों पर तैनात रहते है जलमार्ग पर विशेष सुरक्षा का पहरा लगाया गया ताकि नदी में स्नान के समय कोई अनहोनी घटना न घटे।

## कुलतली में दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपित की पिटाई के बाद किया पुलिस के हवाले

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में एक दिव्यांग नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। घटना बुधवार को हुई, जब पड़ोसियों ने आरोपित को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि घटना उस समय हुई जब पीड़िता घर में अकेली थी। उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे और बड़ी बहन बैंक में गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आरोपित ने मौके का फायदा उठाकर घर में घुसकर यह घिनौना अपराध किया। संयोगवश, जब नाबालिग ने शोर मचाना शुरू किया तो एक पड़ोसी सतर्क हो गया। उसने खिड़की से झांककर देखा तो आरोपित को पीड़िता के साथ गलत हरकत करते पाया। इसके बाद, उसने अन्य लोगों को बुलाया, जिन्होंने आरोपित को रंगे हाथ पकड़ लिया और जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी आरोपित को चाचा कहकर बुलाती थी। पीड़िता की बड़ी बहन ने कहा कि हम आरोपित के लिए कड़ी सजा चाहते हैं।

## बजबज में प्रमोटिंग को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में बमबारी व गोलीबारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बजबज में एक निर्माण सामग्री की आपूर्ति के विवाद के कारण हिंसक झड़प हुई। यह घटना बुधवार की दोपहर में नगरपालिका के वार्ड 19 और उत्तर रायपुर ग्राम पंचायत, बजबज ब्लॉक नंबर-1 के इलाके में हुई, जहां एक गोदाम का निर्माण चल रहा था। सूत्रों के अनुसार, विवाद निर्माण सामग्री की आपूर्ति को लेकर था, जो कई दिनों से चल रहा था। बैठक की योजना थी, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही स्थिति बिगड़ गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गोलीबारी और बमबारी शुरू हो गई, जिससे इलाका युद्धक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस घटना के बाद, बजबज और महेशतला थाने से पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। डीएसपी (उद्योग) कमरुज्जमां मोल्ला ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और दोनों पक्ष सार्वजनिक रूप से बोलने से बच रहे हैं। फिलहाल इलाके में शांति है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान के सिरोही में ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी, चार लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के सिरोही जिले में बुधवार को सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक ने ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। स्वरूपगंज थाने के सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि यह हादसा बुधवार को उदयपुर-पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोडराला गांव के पास हुआ जब भारी मशीनरी ले जा रहे ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। अचानक झटके के कारण मशीनरी ट्रक के केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि इस हादसे में ट्रक चालक, खलासी और ऑटो में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार एक अन्य महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

### झारखंड में नक्सल रोधी अभियान पर निकले वाहन के पलटने से आठ सुरक्षाकर्मी घायल

**चाईबासा (झारखंड) :** पश्चिम सिंहभूम जिले में बुधवार को नक्सल रोधी अभियान में शामिल एक वाहन के पलट जाने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस के आठ जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना सोनुआ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत लांजो घाटी के पास तब हुई जब सुरक्षकर्मी एक संयुक्त नक्सल रोधी अभियान से लौट रहे थे। घायलों में छह सीआरपीएफ कर्मियों के अलावा एक सहायक उप-निरीक्षक सहित दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। घायलों को पहले सोनुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि घायलों को बाद में चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर है।

# महाकुंभ : माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई संगम में डुबकी



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के सुबह से ही चारों दिशाओं से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में स्नान किया। महाकुंभ की शुरुआत से 13 जनवरी से अभी तक 48.25 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में बने वार रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी की। उनके साथ डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने माघी पूर्णिमा की बधाई देते हुए 'एक्स' पर कहा, ''महाकुंभ में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है।'' इस बीच, पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने आम श्रद्धालुओं की तरह अपनी पत्नी चेतना रामतीर्थ के साथ संगम में स्नान किया।

# अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जताया दुख



**लखनऊ :** अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सतेंद्र दास का बुधवार को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें इस महीने की शुरुआत में मस्तिष्काघात के बाद संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया, ''राम मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी सतेंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली। उन्हें तीन फरवरी को मस्तिष्काघात के बाद गंभीर हालत में न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) में भर्ती कराया गया था।'' सतेंद्र दास का पार्थिव शरीर बुधवार दोपहर अयोध्या में उनके आवास पर लाया गया। उनके उत्तराधिकारी पुजारी प्रदीप दास ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम उनके सभी शिष्यों के आने का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि बृहस्पतिवार दोपहर को उन्हें 'जल समाधि' दी जाएगी।'' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 85 वर्षीय महंत सतेंद्र दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि यह आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, ''परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सतेंद्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने कहा, ''प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति।'' उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, ''वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि महंत सतेंद्र दास के अनुयायियों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें।''

## महाकुंभ की व्यवस्था पर अंगुली उठाने वाले अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे : योगी



**बागपत :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग महाकुंभ की व्यवस्था पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप संगम में डुबकी लगाकर आ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बागपत के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली में किसान नेता दिवंगत चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करने के बाद बागपत जिले में 351 करोड़ रुपये की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद अपने संबोधन में योगी ने दावा किया कि महाकुंभ में कल तक 50 करोड़ लोग स्नान कर लेंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, '' जो लोग महाकुंभ की व्यवस्था पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। कुछ लोगों को यह अच्छा नहीं लग रहा है। ऐसे लोगों ने चोरी छिपे कोरोना वायरस का टीका लगवाया और दूसरों को मना करते रहे। ऐसे ही चोरी छिपे संगम में डुबकी लगाकर आ गए और जनता को वहां जाने से रोक रहे हैं, लेकिन 26 फरवरी तक महाकुंभ में लोगों का आना ऐसा ही बढ़ता रहेगा।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों और युवाओं के के लिए अजित सिंह के योगदान को सराहते हुए कहा, चौधरी अजित सिंह ने दो दशक कंप्यूटर वैज्ञानिक के पद पर अच्छे वेतन को ठोकर मारकर देश के विकास के लिए काम किया। अन्नदाताओं, युवाओं की आवाज बुलंद की। बागपत चौधरी साहब के हृदय में बसता था।''

## राजद के शासनकाल के दौरान लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे : नीतीश

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में उसके शासनकाल में लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख ने संत रविदास जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए अपने चिरप्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद यादव की पार्टी पर निशाना साधते हुए यह बात कही। नीतीश ने किसी का नाम लिए बिना ही विपक्षी दलों पर निशाना साधा और अपने मौजूदा सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तारीफ की। नीतीश (73) ने कहा, क्या हमसे पहले सत्ता में रहने वालों ने कुछ किया? जो कुछ भी हुआ है, वह हमने किया है। इस अवसर पर मंच पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

## यौन शोषण पीड़िता को गर्भपात कराने का अधिकार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश में सत्रह वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात कराने की अनुमति के लिए दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि कानून यौन शोषण की पीड़िता को गर्भपात कराने का अधिकार देता है। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की पीठ ने कहा कि चिकित्सीय गर्भपात अधिनियम की धारा 3(2) यौन शोषण की पीड़िता को चिकित्सीय गर्भपात कराने का अधिकार देती है तथा दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति के बच्चे की मां बनने के लिए पीड़िता को बाध्य करने से उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अदालत ने कहा, यौन उत्पीड़न के मामले में एक महिला को गर्भपात कराने से मना करना और उसे मातृत्व की जिम्मेदारी से बांधना, उसे सम्मान के साथ जीवन जीने के उसके मानवाधिकार से मना करने के समान है। इस मामले में 17 वर्षीय लड़की को आरोपी भगा ले गया था और बाद में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस द्वारा उसे छुड़ाया गया था। बाद में जब लड़की के पेट में तेज दर्द हुआ तो उसकी जांच कराई गई जिसमें वह साढ़े तीन माह की गर्भवती पाई गई। याचिकाकर्ता के वकील का आरोप है कि लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। चूंकि, पीड़िता का गर्भ अब 19 सप्ताह का हो चुका है, उसके वकील ने दलील दी कि इस गर्भावस्था से लड़की को काफी पीड़ा हो रही है और उसका मानसिक स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। साथ ही, एक नाबालिग होने के कारण पीड़िता, बच्चे की जिम्मेदारी नहीं चाहती। इस पर अदालत ने कहा कि चिकित्सीय गर्भपात अधिनियम का 2003 का नियम यौन उत्पीड़न या दुष्कर्म की पीड़िता के लिए 24 सप्ताह तक के गर्भ को गिराने की व्यवस्था देता है।

## निवेश समझौतों को लागू करने के लिए काम कर रही है राजस्थान सरकारः मुख्यमंत्री

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ 'राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन' के तहत हुए समझौतों (एमओयू) के हर हाल में कार्यान्वयन पर काम कर रही है। शर्मा इस सम्मेलन में हुए समझौतों के कार्यान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्हें धरातल पर उतारा जाए। इसके अनुसार एक लाख 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू का क्रियान्वयन धरातल पर शुरू हो चुका है जिसमें ऊर्जा, खनन, नगरीय विकास, उद्योग एवं कृषि क्षेत्र के निवेश शामिल हैं। शर्मा की पहल पर एमओयू की समीक्षा के लिए त्रि-स्तरीय व्यवस्था की गई है जिसके तहत एक हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि वाले एमओयू की समीक्षा प्रतिमाह नियमित रूप से मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे हैं।

## जम्मू :आईईडी विस्फोट में शहीद सैनिक का परिवार दुख में डूबा, दो माह बाद होने वाली थी शादी

**सांबा/जम्मू :** सेना में नायक मुकेश सिंह मन्हास 28 जनवरी को अपनी सगाई होने और नए घर को बनवाने के बाद अपनी यूनिट में वापस गए थे। घर से वापसी के महज 14 दिन बाद मन्हास के एक आईईडी विस्फोट में वीर गति को प्राप्त होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के सांबा निवासी 29 वर्षीय मन्हास की अप्रैल में शादी होने वाली थी। मंगलवार को जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों द्वारा किए गए एक आईईडी विस्फोट में मन्हास एवं झारखंड के रांची निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी वीरगति को प्राप्त हो गये थे। सीमावर्ती जिले सांबा में मन्हास के पैतृक गांव ब्री कामिला में उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी गई तथा उनके अंतिम संस्कार में हजारों लोग शामिल हुए। शहीद जवान का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया।

समाज्ञा हेल्थ

# नूडल्स की कितनी मात्रा सेहत के लिए नुकसानदायक



आजकल भारतीयों के खानपान में भारी बदलाव देखा जा रहा है। पहले जहां लोग पारंपरिक भारतीय भोजन को प्राथमिकता देते थे, वहीं अब चाइनीज, इटैलियन, मैक्सिकन और जापानी व्यंजन भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इनमें से इंस्टेंट नूडल्स (रेमन) की मांग भारतीय बाजार में सबसे अधिक बढ़ी है। बच्चे, युवा और व्यस्त जीवनशैली वाले लोग इसे आसानी से बना सकने के कारण खूब पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इंस्टेंट नूडल्स का अधिक सेवन आपकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है?

अध्ययन बताते हैं कि इंस्टेंट नूडल्स का अत्यधिक सेवन हृदय रोग, डायबिटीज, स्ट्रोक और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। खासतौर पर महिलाओं के लिए इसका खतरा अधिक होता है। आइए विस्तार से जानते हैं कि यह स्वादिष्ट लेकिन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भोजन किस तरह हमारे शरीर को प्रभावित करता है।

### कितनी मात्रा में इंस्टेंट नूडल्स नुकसानदायक?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति सप्ताह में दो से तीन बार इंस्टेंट नूडल्स का सेवन करता है तो हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और टाइप-2 डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। बार-बार इंस्टेंट नूडल्स खाने से ये नुकसान हो सकते हैं,

### पाचन तंत्र पर असर

इनमें मौजूद रिफाइंड मैदा (मैदा आधारित नूडल्स) पेट में आसानी से नहीं पचता, जिससे गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### हाई ब्लड प्रेशर

इंस्टेंट नूडल्स में बहुत अधिक मात्रा में सोडियम (नमक) होता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हृदय रोगों का खतरा हो सकता है।

### वजन बढ़ना

इसमें मौजूद अनहेल्दी फैट और ट्रांस फैट शरीर में अनावश्यक चर्बी बढ़ाते हैं, जिससे मोटापे की समस्या हो सकती है।

### पोषक तत्वों की कमी

यह भोजन केवल स्वादिष्ट होता है लेकिन इसमें कोई आवश्यक विटामिन, प्रोटीन, फाइबर या मिनरल्स नहीं होते, जिससे शरीर को सही पोषण नहीं मिल पाता।

महिलाओं के लिए ज्यादा खतरनाक क्यों है इंस्टेंट नूडल्स?

अध्ययन से यह भी पता चला कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए इंस्टेंट नूडल्स ज्यादा हानिकारक हो सकते हैं। इसका कारण है कि महिलाओं में हार्मोनल संतुलन प्रभावित होता है। इंस्टेंट नूडल्स में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और सोडियम महिलाओं के हार्मोन संतुलन पर बुरा असर डाल सकते हैं।

पीरियड्स और पीसीओएस (PCOS) की समस्या बढ़ सकती है।

अधिक सोडियम और अनहेल्दी फैट पीरियड्स में दर्द, अनियमितता और पीसीओएस जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है।

गर्भवती महिलाओं को इंस्टेंट नूडल्स से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें मौजूद केमिकल्स और प्रिजर्वेटिव्स भ्रूण के विकास को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### इंस्टेंट नूडल्स का हेल्दी विकल्प

- अगर आपको इंस्टेंट नूडल्स बहुत पसंद हैं, लेकिन सेहत का ध्यान भी रखना चाहते हैं तो आप कुछ स्वस्थ विकल्प अपना सकते हैं-
- घर पर हेल्दी नूडल्स बनाएं। मैदा की जगह गेहूं या बाजरे के नूडल्स का इस्तेमाल करें।
- अधिक सब्जियां डालें ताकि पोषण बढ़े।
- प्रोसेस्ड मसालों की बजाय घर के बने मसाले और हर्ब्स का उपयोग करें।
- हेल्दी स्नैक्स का चुनाव करें। पोहा, उपमा, इडली, दलिया जैसे विकल्प इंस्टेंट नूडल्स से बेहतर हैं।
- इंस्टेंट नूडल्स कम करने के लिए छोटे-छोटे बदलाव करें। हफ्ते में सिर्फ एक बार ही खाएं और बाकी समय हेल्दी फूड अपनाएं

# रिश्ते के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है चुंबन



वैलेंटाइन सप्ताह के 7वें दिन यानी 13 फरवरी को किस डे मनाया जाता है। जब आपका रिश्ता ऐसे पड़ाव पर आ जाता है, जहां भरोसा और अपनापन भरपूर हो तब लोग अपने स्नेह को स्पर्श या चुंबन के जरिए व्यक्त करते हैं। ये चुंबन एक मां अपने बच्चे के लिए भी हो सकता है या कपल का एक दूसरे के लिए। चुंबन सिर्फ प्यार और स्नेह जताने का तरीका ही नहीं, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि किस करने से तनाव कम होता है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और रिश्तों में गहराई आती है। ये एक रोमांटिक इशारा नहीं बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। आइए जानते हैं चुंबन (Benefits Of Kiss) के कुछ जबरदस्त फायदे।

### चुंबन के सात बड़े फायदे

#### तनाव कम करता है चुंबन

किस करने से ऑक्सीटोसिन, डोपामिन और सेरोटोनिन हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव और चिंता को कम करते हैं। यह मूड को बेहतर बनाता है और खुशी का एहसास कराता है।

#### ब्लड प्रेशर को करता है नियंत्रित

जब हम किस करते हैं तो दिल की धड़कन तेज हो जाती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

#### इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

जब दो लोग किस करते है तो इस दौरान बैक्टीरिया का एक्सचेंज होता है, जिससे शरीर में नए एंटीबॉडी बनते हैं और इम्यूनिटी मजबूत होती है। यह बीमारियों से बचाने में मदद करता है।

#### किस से होती है कैलोरी बर्न

चुंबन से लगभग 2-6 कैलोरी प्रति मिनट बर्न होती है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और वजन घटाने में मददगार हो सकता है। अमेरिकन जर्नल आफ मेडिसिन के एक अध्ययन के अनुसार किस करने के तरीके और समय के आधार पर एक मिनट में 2 से 26 कैलोरी बर्न हो सकती है। क्योंकि किस करने से शरीर के कई हिस्सों में काम करने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

#### चेहरे की मांसपेशियों के लिए बेहतर

किस करने से चेहरे की 34 से ज्यादा मांसपेशियों की एक्सरसाइज होती है, जिससे चेहरा टोन और जवान बना रहता है। यह झुर्रियों को कम करने में भी मदद कर सकता है।

#### हृदय स्वास्थ्य में सुधार

किस करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और दिल की सेहत अच्छी बनी रहती है। यह दिल के दौरे और अन्य हृदय रोगों के खतरे को कम कर सकता है।

# देर रात जागने की है आदत तो हो जाएं सावधान



आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति अपने काम को लेकर काफी सजग है और आराम करना भूल जाता है। रात में भी बिस्तर पर जाकर मोबाइल चलाना आज के युवा से लेकर बुजुर्गों में भी काफी आम हो गया है। वहीं, बोर्ड एग्जाम के करीब होने के कारण आज कल बच्चे भी रात में जागकर एग्जाम की तैयारी करते हैं। हालांकि, कई लोगों को यह नहीं पता है कि रात में ज्यादा जगने से स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। तो आज की इस खबर में हम आपको नींद की कमी के कारण सेहत पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताने वाले हैं। अगर आप भी इस आदत का शिकार हैं तो इसे अभी छोड़ दें।

### तेजी से बढ़ता है वजन

नींद का कमी कमी के कारण इसका मोटापे पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। जब भी हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारे हार्मोन में असंतुलन पैदा हो जाता है और भूख बढ़ने वाले हार्मोन यानी कि ग्रेलिन का लेवल भी काफी बढ़ जाता है। इस वजह से बार-बार भूख लगती है और हाई कैलोरी फूड या फिर मीठा खाने का काफी मन होने लगता है।

### मेंटल हेल्थ पर पड़ता है गलत असर

नींद की कमी का प्रभाव आपकी मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। आप तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझने लगते हैं। यही नहीं, महिलाओं में जब नींद पूरी नहीं होती है तो दिमाग ठीक से काम नहीं करता है और आपको मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी समस्याएं होने लगती है। यही नहीं, नींद पूरी न होने की वजह से कई बार आप घर में ही झगड़ कर बैठ जाते हैं।

### इम्यूनिटी पर पड़ता है असर

नींद की कमी का सीधा असर कई बार हमारी इम्युनिटी पर भी पड़ता है। बता दें कि नींद हमारे शरीर में प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। नींद की कमी की वजह से आपको सर्दी-खांसी और जुकाम जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। यही नहीं, नींद की कमी की वजह से हार्ट की बीमारी होने का भी खतरा बना रहता है।

### नहीं कर पाते हैं फोकस

नींद की कमी होने की वजह से आप किसी भी काम में फोकस नहीं कर पाते हैं और किसी भी एक काम में मन नहीं लगा पाते हैं। नींद की कमी की वजह से याददाश्त कमजोर होती है और आप अपना काम भी ठीक से नहीं कर पाते हैं।

# सुबह की ये आदतें कर सकती हैं आपको बीमार

शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए आहार और लाइफस्टाइल को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। आप दिनभर में क्या करते हैं, क्या खाते हैं और कैसा दिन बिताते हैं इसका सेहत पर सीधा असर होता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आलस भगाने के लिए हम ऐसी कई आदतों को अपना लेते हैं, जिनका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। सुबह की कुछ आदतें स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं, इससे आप बीमार हो सकते हैं।

आइए ऐसी ही कुछ आदतों के बारे में जानते हैं जिसका सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

### अच्छी सेहत के लिए बनाइए अच्छी आदतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप सुबह उठने के बाद नाश्ता करके दोबारा सो जाते हैं तो इससे पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है और आप पेट से जुड़ी कई समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। अक्सर लोग सुबह उठते ही मोबाइल या टीवी देखने लगते हैं। ये आदत छोटी लगती है, लेकिन यह आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रही है।

बहुत अधिक मोबाइल का प्रयोग आंखों और मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

### खाली पेट चाय या कॉफी पीने से बचिए

इसके अलावा कई लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी के सेवन से करते हैं। ऐसा करने से शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जो दिल और ब्लड प्रेशर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ये आदत सेहत के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

सुबह उठकर खाली पेट चाय या कॉफी पीने से सेहत को नुकसान पहुंचता है। खाली पेट चाय या कॉफी पीना आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए भी ठीक नहीं है, इस आदत के कारण गैस कब्ज और अपच की दिक्कत हो सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जुगल किशोर कहते हैं, सेहतमंद रहने के लिए अपनी दिनचर्या में सुधार करें। सुबह उठते ही फोन देखने की आदत खतरनाक है इसके बजाय अखबार या पुस्तकें पढ़ें। स्वस्थ रहना चाहते हैं तो व्यायाम जरूर करें। इससे मस्तिष्क को ऊर्जा मिलेगी और आपका दिन अच्छी तरह से शुरू होगा। कई लोग सुबह उठकर नहाने से बचते हैं और मुंह-हाथ धोकर काम पर चले जाते हैं। नियमित तौर पर इस आदत को अपनाने से त्वचा में संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही आप कई संक्रामक रोगों का शिकार हो सकते हैं। अगर आप अपनी दिनचर्या और दैनिक आदतों में सुधार कर लेते हैं तो इससे सेहत को ठीक रहना आसान हो सकता है।

# वैश्विक महासागर संधि जल्द से जल्द लागू होनी चाहिए: भारत, फ्रांस ने कहा

**नयी दिल्ली :** भारत और फ्रांस ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर के क्षेत्रों में समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए एक वैश्विक समझौते उच्च समुद्र संधि (वैश्विक महासागर संधि) को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जून में नीस में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन (यूएनओसी-3) के लिए फ्रांस को भारत के समर्थन की पेशकश भी की। उन्होंने कहा कि यूएनओसी-3 महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, ''फ्रांस और भारत प्राकृतिक अधिकार क्षेत्र से परे समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग पर समझौते (बीबीएनजे समझौता) के महत्व को समावेशी और समग्र अंतरराष्ट्रीय महासागर के स्तंभों में से एक के रूप में मानते हैं।'' इसके अनुसार दोनों देशों ने पहले ही संधि पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और कहा है कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। ''उच्च समुद्र'', जिसे ''अंतरराष्ट्रीय जल'' भी कहा जाता है, किसी भी देश के राष्ट्रीय जल, विशेष आर्थिक क्षेत्र और अधिकार क्षेत्र से परे के क्षेत्रों को संदर्भित करता है। इन जल क्षेत्रों पर किसी एक देश का नियंत्रण नहीं है तथा सभी देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के नौवहन, मछली पकड़ने, अनुसंधान और अन्य गतिविधियों के लिए इनका उपयोग करने का अधिकार है। महासागर का 60 प्रतिशत से अधिक भाग हालांकि खुले समुद्र में फैला हुआ है और वर्तमान में केवल 1.2 प्रतिशत ही संरक्षित है। भारत और फ्रांस ने जलवायु परिवर्तन समेत पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों का मिलकर समाधान करने तथा टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।



प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया

## प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलेंगे, द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद

**वाशिंगटन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर बुधवार देर शाम यहां पहुंच सकते हैं और इस दौरान वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। मोदी बुधवार को फ्रांस के मारसेई से अमेरिका के लिए रवाना हुए। यह उनकी दो देशों की यात्रा का दूसरा चरण है। वह 10 फरवरी को फ्रांस पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वह उन चंद विश्व नेताओं में शामिल हैं, जो ट्रंप के 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करने के बाद अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं। मोदी और ट्रंप की बैठक में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश नीति पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों ने संकेत दिया है कि कुछ संवेदनशील मुद्दों पर भी बातचीत हो सकती है।

## भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से उन्नत परमाणु संयंत्र विकसित करने की इच्छा प्रकट की

भारत और फ्रांस ने बुधवार को आधुनिक परमाणु संयंत्रों को संयुक्त रूप से विकसित करने का इरादा जाहिर किया और इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के लिए परमाणु ऊर्जा महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों देशों ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टर (एएमआर) को लेकर एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए।

## प्रधानमंत्री मोदी और पिचाई ने 'भारत के डिजिटल कायाकल्प' पर चर्चा की



**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के दौरान कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में पैदा होने वाले 'अविश्वसनीय अवसरों' पर चर्चा की। भारतीय मूल के पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में इस पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत किस तरह से देश में 'डिजिटल कायाकल्प' लाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,''एआई एक्शन समिट के लिए पेरिस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और भारत के डिजिटल कायाकल्प पर हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं, इस पर चर्चा की।'' प्रधानमंत्री मोदी ने पिचाई की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए एक पोस्ट में कहा, ''भारत एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है और इसका उपयोग जनहित के लिए कर रहा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत 1993 से 2022 तक चरम मौसमी घटनाओं से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित देशों की सूची में छठे पायदान पर

**नयी दिल्ली :** भारत 1993 से 2022 तक चरम मौसमी घटनाओं से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित देशों की सूची में छठे पायदान पर है। जर्मनी स्थित गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जर्मनवॉच की नयी रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवधि में भारत में चरम मौसमी घटनाओं से लगभग 80,000 मौतें हुईं और 180 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 1993 से 2022 तक वैश्विक स्तर पर 9,400 से अधिक चरम मौसमी घटनाओं में 7.65 लाख से ज्यादा लोगों की जान गई और लगभग 42 अरब अमेरिकी डॉलर (मुद्रास्फीति-समायोजित) का प्रत्यक्ष नुकसान हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 1993 से 2022 के बीच 400 से अधिक चरम मौसमी घटनाओं का सामना किया, जिससे लगभग 180 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ और कम से कम 80,000 लोगों की जान गई।

### तृणमूल कांग्रेस गोवा जिला पंचायत चुनाव लड़ेगी

**पणजी :** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस गोवा में इस वर्ष होने वाले जिला पंचायत चुनाव लड़ेगी । पार्टी के स्थानीय नेताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी को 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों में कोई सफलता नहीं मिली थी। पार्टी प्रवक्ता ट्रोजानो डिमेलो ने प्रदेश संयोजक मारियानो रोड्रिग्स के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तृणमूल कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में दस प्रतिशत वोट मिले हैं। उन्होंने कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस 2022 में गोवा आई...हमने विधानसभा चुनाव लड़ा। हमें लगभग 10 प्रतिशत वोट मिले। हम गोवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यहां टिके रहेंगे । डिमेलो ने कहा कि पार्टी इस साल के अंत में होने वाले जिला पंचायत चुनाव लड़ेगी।

### एआई किसी के भी हाथ में एक खतरनाक चीज है, चाहे वह चीनी हो या अमेरिकी :अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) किसी के भी हाथ में एक ''खतरनाक चीज'' है, चाहे वह चीनी हो या अमेरिकी। न्यायालय ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए की जिसमें केंद्र को चीनी कंपनी द्वारा विकसित एआई चैटबॉट 'डीपसीक' की भारत में सभी रूपों में पहुंच को प्रतिबंधित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, ''एआई किसी के भी हाथ में एक खतरनाक चीज है, चाहे वह चीनी हो या अमेरिकी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ऐसा नहीं है कि सरकार इन चीजों से अनभिज्ञ है। वे बहुत अच्छी तरह से वाकिफ हैं।'' केंद्र के वकील ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है और उन्होंने अदालत से मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया।

# सिख विरोधी दंगे : कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार हत्या मामले में दोषी करार



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया और कहा कि कुमार उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या का दोषी करार दिए जाने के बाद कुमार को अब अधिकतम मृत्युदंड या कम से कम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कुमार को दोषी करार दिया और सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी को दोषी ठहराया जाता है... अगली सुनवाई के दौरान सजा पर फैसला दिया जाएगा।'' विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा, ''यह भी साबित हो गया है कि हमलावर भीड़ का हिस्सा होने के नाते कुमार घटना के दौरान शिकायतकर्ता के पति जसवंत सिंह और बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या करने का दोषी है।'' दोषसिद्धि के फैसले में कहा गया, ''शिकायतकर्ता, जिसने अपने पति और बेटे की क्रूर हत्या देखी है, उससे निश्चित रूप से उस व्यक्ति का चेहरा भूलने की उम्मीद नहीं की जा सकती है जो उक्त हत्याओं और लूटपाट को अंजाम देने के लिए भीड़ को उकसा रहा था और अदालत में शिकायतकर्ता का बयान उसके इस रुख की पुष्टि करता है।''

# भारत की मिसाइल प्रणाली दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनी: राजनाथ

## राजनाथ सिंह ने पांच देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैंठकें कीं



**बेंगलुरु :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। सिंह ने यहां 'एयरो इंडिया 2025' के स्वदेशीकरण कार्यक्रम और समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''एयरो इंडिया ने जो ऊंचाइयां हासिल की हैं, वह न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं पिछले तीन दिन से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद हूं और यदि मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना हो तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा।'' उन्होंने कहा, ''येलहंका में जो कुछ भी हमने देखा वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनियाभर से देखा जा सकता है। हमारे उद्यमियों, हमारे 'स्टार्टअप्स' और नवप्रवर्तकों के बीच जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे।''

# चुनावों से पहले मुफ्त में चीजें देने की घोषणाओं पर उच्चतम न्यायालय ने उठाया सवाल

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने चुनावों से पहले मुफ्त चीजें देने के राजनीतिक दलों के वादे पर बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे । न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाकर राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया जाए। पीठ ने सवाल किया, राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं?



न्यायमूर्ति गवई ने कहा, दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित की जाने वाली इन मुफ्त की योजनाओं, जैसे 'लाडकी बहिन' और अन्य योजनाओं के कारण लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। न्यायालय शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। पीठ ने पूछा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। न्यायाधीश ने कहा, आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण, किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह बहस नहीं करना चाहती।

# चुनाव डेटा प्रणाली पुख्ता है, कुछ गलत नहीं हो सकता: राजीव कुमार



**नयी दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि चुनाव डेटा प्रणाली पूरी तरह पुख्ता है जो सुनिश्चित करती है कि ''कुछ भी गलत नहीं हो सकता।'' उनकी यह टिप्पणी यह ऐसे समय आई है जब विपक्ष की तरफ से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में डेटा में हेराफेरी के आरोपों लगाए गए हैं। ''लोकसभा 2024 एटलस'' के लोकार्पण कार्यक्रम में कुमार ने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों सहित लाखों अधिकारी डेटा फीड करते हैं....एक डिजाइन के तौर पर कुछ भी गलत नहीं हो सकता।'' कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि यह चुनाव आयोग को बहुत विश्वस्त करता है कि कुछ भी त्रुटि नहीं हो सकती। उनका कहना था कि अगर कोई त्रुटि करता है तो यह प्रणाली उसे स्वीकारती नहीं है। मतदाता सूची से नाम हटाने और जोड़ने के अलावा मतदान समाप्त होने के समय मतदान प्रतिशत में वृद्धि के संबंध में भी आरोप लगाए गए हैं। एटलस-2024 चुनाव और चुनाव परिणामों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

# सरकार ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए निगरानी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने लगभग 1,000 ऐसे निगरानी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो समुद्र तल से 5,500 मीटर की ऊंचाई तक तथा दिन और रात दोनों समय में उड़ान भरने में सक्षम हों। इस बाबत बुधवार को 'सूचना के लिए अनुरोध' (आरएफआई) जारी किया गया। आरएफआई में कहा गया है कि निगरानी हेलीकॉप्टर को सहायक उपकरणों के साथ 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत खरीदे जाने की योजना है। आरएफआई किसी वस्तु या सेवा के संभावित आपूर्तिकर्ताओं से जानकारी एकत्र करने की एक औपचारिक प्रक्रिया है। आरएफआई दस्तावेज के अनुसार, रक्षा मंत्रालय लगभग 1,000 निगरानी हेलीकॉप्टर (उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए) और उनके सहायक उपकरण खरीदने का इरादा रखता है। आरएफआई में उन भू-स्थितियों का भी जिक्र किया गया है, जिनमें निगरानी हेलीकॉप्टर को तैनात किया जाएगा। इन्हें मुख्य रूप से भारत में उच्च ऊंचाई (5,500 मीटर तक) वाले पहाड़ी इलाकों में तैनात किया जाएगा। आरएफआई में कहा गया है कि ये निगरानी हेलीकॉप्टर दिन और रात में उड़ान भरने में सक्षम हों।



रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वार रूम से प्रयागराज जंक्शन एवं दूसरे स्टेशनों से चलाई जा रही महाकुंभ गाड़ियों के संबंध में जानकारी ली। यात्रियों की सुविधा के लिए हर जरूरी कदम उठाने का दिया निर्देश। हर दिशा के लिए चलाई जाए विशेष ट्रेन।

## न्यूज अपडेट

### आध्यात्मिक, सामाजिक जीवन में अमूल्य योगदान के लिए सत्येंद्र दास को सदैव याद किया जाएगा: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया और कहा कि देश के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सतेंद्र दास का बुधवार को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें इस महीने की शुरुआत में मस्तिष्काघात के बाद संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। धार्मिक अनुष्ठानों और शास्त्रों के ज्ञाता रहे महंत जी का पूरा जीवन भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित रहा।'' उन्होंने कहा, ''देश के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे।''

### मैं और पुतिन यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए : ट्रंप

**मॉस्को :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए ''बातचीत'' शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पुतिन से फोन पर हुई बातचीत का जिक्र किया और कहा कि दोनों नेता इस दिशा में ''साथ मिलकर, बहुत निकटता से काम करेंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस में तीन साल पहले हिरासत में लिए गए पेनसिल्वेनिया के शिक्षक मार्क फोजेल की रिहाई के बाद पुतिन से फोन पर बातचीत की। दो अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को पुष्टि की कि रूस ने अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली समझौते के तहत फोजेल को रिहा किया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका फोजेल के बदले रूस के सजायाफ्ता कैदी एलेक्जेंडर विन्निक को छोड़ेगा।

### चुनावों से पहले मुफ्त में चीजें देने की घोषणाओं पर उच्चतम न्यायालय ने उठाया सवाल

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने चुनावों से पहले मुफ्त चीजें देने के राजनीतिक दलों के वादे पर बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे । न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाकर राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया जाए। पीठ ने सवाल किया, राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं? न्यायमूर्ति गवई ने कहा, दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित की जाने वाली इन मुफ्त की योजनाओं, जैसे 'लाडकी बहिन' और अन्य योजनाओं के कारण लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। न्यायालय शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। पीठ ने पूछा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। न्यायाधीश ने कहा, आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण, किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह बहस नहीं करना चाहती। न्यायालय ने कहा कि अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा, लेकिन साथ ही, क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए? वेंकटरमणि ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए आश्रय की व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जाएगा।

# महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया एवं अन्य को किया तलब

**मुंबई :** महाराष्ट्र साइबर विभाग ने रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना समेत 40 से अधिक लोगों को तलब किया है तथा उन्हें यूट्यूब रियलिटी शो में इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणी को लेकर दर्ज किये गये मामले की जांच में शामिल होने को कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि साइबर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और उसने मंगलवार को 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' एवं अन्य को नोटिस जारी किया जिनमें 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के पिछले विभिन्न एपिसोड में भाग लेने वाले 'अतिथि' और 'जज' आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी तक कोई भी पेश नहीं हुआ है, लेकिन इनमें से कुछ व्यक्तियों के वकीलों ने साइबर पुलिस से संपर्क कर और समय मांगा है। मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि विभाग ने रियलिटी शो के निर्माताओं से सोशल मीडिया मंच से इसके सभी 18 एपिसोड हटाने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कई प्रतिभागियों ने पहले के विभिन्न एपिसोड में भी अश्लील और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।




## मुंबई पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया के प्रबंधक, अपूर्वा मुखीजा का बयान दर्ज किया

मुंबई पुलिस ने बुधवार को यूट्यूब शो ''इंडियाज गॉट लैटेंट'' पर रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अपूर्वा मुखीजा सहित चार लोगों के बयान दर्ज किए। खार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मुखीजा और इलाहाबादिया के प्रबंधक सहित चार लोगों के बयान दर्ज किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इलाहाबादिया का बयान दर्ज नहीं किया जा सका है।

## समय रैना ने अपने यूट्यूब चैनल से 'इंडियाज गॉट लैटेंट' की सभी कड़ियां हटाईं

कॉमेडियन समय रैना ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणी से उपजे विवाद के मद्देनजर इस रियल्टी शो की सभी कड़ियां अपने यूट्यूब चैनल से हटा दी हैं। रैना (27) ने यह भी कहा कि वह मामले की जांच में सभी जांच एजेंसियों का सहयोग करेंगे। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जो कुछ भी हो रहा है, उसे झेलना मेरे लिए बहुत मुश्किल है। मैंने अपने चैनल से 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के सभी वीडियो हटा दिए हैं। मेरा एकमात्र उद्देश्य लोगों को हंसाना और अच्छा समय बिताना था। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करूंगा कि उनकी जांच निष्पक्ष रूप से संपन्न हो। धन्यवाद।

# नया आयकर विधेयक आज पेश होने की संभावना, 'आकलन वर्ष' की जगह 'कर वर्ष' का प्रावधान

**नयी दिल्ली :** आयकर प्रावधानों को सरल ढंग से पेश करने के लिए बनाए गए आयकर विधेयक, 2025 को बृहस्पतिवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक में 'आकलन वर्ष' जैसी जटिल शब्दावली की जगह 'कर वर्ष' की संकल्पना रखी गई है। नए विधेयक में 536 धाराएं, 23 अध्याय और 16 अनुसूचियां हैं। यह सिर्फ 622 पृष्ठों पर अंकित है। इसमें कोई नया कर लगाने की बात नहीं की गई है। यह विधेयक मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 की भाषा को सरल बनाता है। छह दशक पुराने मौजूदा कानून में 298 धाराएं और 14 अनुसूचियां हैं। जब यह अधिनियम पेश किया गया था, तब इसमें 880 पृष्ठ थे। नया विधेयक आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के इरादे से तैयार किया गया है। दरअसल पिछले 60 वर्षों में किए गए संशोधनों के कारण मौजूदा आयकर अधिनियम बहुत बड़ा हो गया है। नया आयकर कानून एक अप्रैल, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। नए विधेयक में अनुषंगी लाभ (फ्रिंज बेनेफिट) कर से संबंधित अनावश्यक धाराओं को हटा दिया गया है। विधेयक के 'स्पष्टीकरण या प्रावधानों' से मुक्त होने की वजह से इसे पढ़ना और समझना आसान हो जाता है। इसके साथ ही आयकर अधिनियम, 1961 में कई बार इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द 'बावजूद' को नए विधेयक में हटा दिया गया है और उसकी जगह पर लगभग हर जगह 'अपरिहार्य' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं एवं सूत्रों के उपयोग से इसे पढ़ने के अनुकूल बनाया गया है। टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन और फंसे कर्ज के लिए कटौती से संबंधित प्रावधानों के लिए तालिकाएं दी गई हैं। नए विधेयक में 'करदाता चार्टर' भी दिया गया है जो करदाताओं के अधिकारों एवं दायित्वों को रेखांकित करता है। यह विधेयक आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' शब्द की जगह 'कर वर्ष' को रखा गया है। साथ ही, कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा को भी खत्म कर दिया गया है।



# गिल का शतक, इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर भारत ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**अहमदाबाद:** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला भी जीत लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर टीम इंडिया को 142 रनों की एकतरफा जीत मिली। इसके साथ ही भारत ने सीरीज को क्लीन स्वीप कर लिया। लगातार 10वें मैच में टॉस हारने वाली भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने एक बार फिर विस्फोटक शुरुआत की। इसके बाद भी टीम की पारी 35वें ओवर 214 रनों पर सिमट गई। यह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत का अंतिम मैच भी था।

### गिल का वनडे में 7वां शतक

भारत के लिए शुभमन गिल ने शतक लगाया। अपने सातवें शतक के दौरान 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों की मदद से 112 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत इस प्रारूप में उनका औसत 60 के पार चला गया। उन्होंने कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 और अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### विराट कोहली भी लय में लौटे

पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने लय हासिल करने में समय किया लेकिन लय में आने के बाद कुछ शानदार शॉट खेले। कोहली ने 50 गेंद में अपना 73वां अर्धशतक पूरा किया। कोहली अर्धशतक पूरा करने के तुरंद बाद राशिद की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने. उतरे भारत की शुरुआत खराब रही जब कप्तान और पिछले मैच के शतकवीर रोहित शर्मा (01) दूसरे ही ओवर में वुड की गेंद पर साल्ट को कैच दे बैठे। श्रेयस अय्यर एक बार फिर शानदार लय में नजर आए और उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए लेकिन राशिद की लेग साइड से बाहर जाती गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में सॉल्ट के हाथों लपके गए। उन्होंने 64 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और दो छक्के की मदद से 78 रन बनाए। इससे पहले गिल ने वुड पर चौके के साथ 95 गेंद में शतक पूरा किया। वह हालांकि इसके बाद राशिद की गेंद पर बोल्ड हो गए। हार्दिक पंड्या (17) ने राशिद पर दो छक्के जड़े लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। राहुल ने अंत में 29 गेंद में 40 रन की पारी खेली।




### इंग्लैंड का मध्यक्रम रहा फेल

लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड को डकेट और फिल सॉल्ट (23) ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 60 रन जोड़कर तेज शुरुआती दिलाई। अर्शदीप ने हालांकि दोनों सलामी बल्लेबाजों को लगातार ओवरों में आउट करके भारत को वापसी दिलाई। डकेट ने अर्शदीप की धीमी गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आसान कैच थमाया जबकि इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में सॉल्ट भी प्वाइंट पर अक्षर को आसान कैच दे बैठे। बैनटन और जो रूट (24) ने स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। बैनटन 24 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने उन्हें रन आउट करने का मौका गंवा दिया। बैनटन हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और कुलदीप यादव (38 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बैठे। रूट भी इसके बाद अक्षर की अंदर की ओर आती गेंद को विकेटों पर खेल बैठे। हैरी ब्रूक (19) ने कुलदीप पर छक्के के साथ 24वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया लेकिन अगले ओवर में कप्तान जोस बटलर (06) हर्षित की गेंद को विकेटों पर खेल गए। हर्षित के अगले ओवर में ब्रूक के हाथ से लगने के बाद गेंद विकेटों से टकरा गई और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 161 रन हो गया। लियाम लिविंगस्टोन नौ रन बनाने के बाद वाशिंगटन सुंदर (43 रन पर एक विकेट) की वाइड गेंद पर राहुल के हाथों स्टंप हो गए जिससे इंग्लैंड की रही सही उम्मीद भी टूट गई।

## टीम में अपने तरीके से खेलने की आजादी है: रोहित

**अहमदाबाद :** इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भारत के आक्रामक रवैये का उदाहरण देते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने तरीके से खेलने की 'आजादी' है और प्रबंधन कभी-कभार मिलने वाली असफलताओं को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'टीम में अपने तरीके से खेलने की थोड़ी आजादी है। विश्व कप (2023) इसका एक आदर्श उदाहरण है। हम ऐसा करना जारी रखना चाहते हैं। कभी-कभी ऐसा होगा कि सब कुछ ठीक नहीं रहेगा लेकिन कोई बात नहीं।'

## भाला फेंक में यादव, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल ने राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड बनाया



**देहरादून :** उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव ने अपनी स्पर्धा के बाद कहा, 'मेरा लक्ष्य विश्व एथलेटिक्स का स्वत: पात्रता स्तर (85.50 मीटर) हासिल करना था लेकिन मैं इसमें चूक गया।' उन्होंने कहा, 'मैं अपने लक्ष्य के करीब हूं और अगली प्रतियोगिता में 85.50 मीटर की दूरी हासिल करने में सक्षम होना चाहिए।' यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के करियर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77मीटर) ने कांस्य पदक जीता। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकेंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।

## न्यूज ब्रीफ

### मकाऊ को 5-0 से हराकर भारत बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में

**किंगदाओ (चीन) :** भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप डी के शुरूआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में बृहस्पतिवार को उसका सामना कोरिया से होगा। मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करूणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरूष एकल में 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरूष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21 . 10, 21-5 से मात दी।

### स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा बृहस्पतिवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से है। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में उन्होंने मिश्रित युगल कांस्य जीता था।

## असलांका की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**कोलंबो :** कप्तान चरित असलांका ने विषम परिस्थितियों में 127 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां दो मैच की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 49 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसने असलांका की शानदार पारी के बावजूद 46 ओवर में 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसकी पूरी टीम 33.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। मैच का आकर्षण असलांका का शतक रहा जो वनडे में उनका चौथा सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 126 गेंद का सामना करते 14 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने ऐसे समय में यह पारी खेली जबकि



श्रीलंका की आधी टीम 55 रन पर पेवेलियन लौट गई थी। असलांका ने इसके बाद डुनिथ वेलालेज (30) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटने के बाद श्रीलंका का स्कोर जल्द ही आठ विकेट पर 135 रन हो गया। दसवें नंबर के बल्लेबाज ईशान मलिंगा ने यहां से अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने नौवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की जिसमें मलिंगा का योगदान केवल एक रन था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सीन एबट सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 61 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 31 रन हो गया। एलेक्स कैरी (41) और मार्नस लाबुशेन (15) ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की लेकिन इन दोनों के लगातार ओवरों में आउट होने से ऑस्ट्रेलिया फिर से संकट में पड़ गया। ऑस्ट्रेलिया इससे आखिर तक नहीं उबर पाया और श्रीलंका ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की।

## चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलेगा भारत

**दुबई :** भारत आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगा जबकि पाकिस्तान ने बुधवार को तीन शहीन्स (पाकिस्तान ए टीम) टीम की घोषणा की जो बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगी। चैंपियन्स ट्रॉफी 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में खेली जाएगी जबकि अभ्यास मुकाबले 14 से 17 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

## धवन सहित चार खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत नियुक्त

**दुबई :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है उनमें पाकिस्तान के 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं। यह चारों खिलाड़ी प्रतियोगिता के दौरान इस टूर्नामेंट को लेकर कॉलम लिखेंगे और मैचों में भी उपस्थित रहेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में विश्व की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम भाग लेंगी। धवन ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना विशेष एहसास है तथा आगामी टूर्नामेंट का दूत के रूप में लुत्फ उठाना बड़ा सम्मान है। यह अपनी तरह की खास प्रतियोगिता है जिससे मेरी कई यादें जुड़ी हैं।' धवन ने चैंपियंस ट्रॉफी में दो बार भाग लिया और दोनों अवसरों पर उन्होंने गोल्डन बैट (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलने वाला पुरस्कार) हासिल किया।



## आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगे प्रतिबंध हटाए, नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की अनुमति दी

kotak

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर नौ महीने से अधिक समय से लगे प्रतिबंधों को हटा लिया है। बैंक पर प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर चिंताओं के कारण कारोबारी प्रतिबंध लगाये गये थे। आरबीआई ने कहा कि वह निजी क्षेत्र के बैंक द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों से 'संतुष्ट' है, और उसे नए क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दी है। रिपोर्ट के अनुसार, कोटक ने एक बाहरी सलाहकार से तृतीय पक्ष सूचना प्रौद्योगिकी 'आईटी' ऑडिट कराया था, तथा अन्य कई उपाय भी किए। पूर्व गवर्नर शक्तिकान्त दास के कार्यकाल में आरबीआई ने पर्यवेक्षी उपाय के रूप में कई संस्थाओं पर व्यावसायिक प्रतिबंध लगाया था। इनमें निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक पर मार्च, 2022 तक लगभग 15 महीने के प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। आरबीआई के अनुसार इस तरह के आदेश से पहले महीनों तक पत्राचार, चेतावनियां और बैठकें होती हैं। ये कदम सुधारात्मक उपाय के रूप में उठाए जाते हैं। उनके उत्तराधिकारी संजय मल्होत्रा ने पिछले सप्ताह अपनी पहली मौद्रिक नीति समीक्षा (एमपीसी) में बैंकों द्वारा नुकसानदेह माने जाने वाले नियामकीय पहलुओं पर नरम रुख अपनाने का संकेत दिया था, तथा स्पष्ट कर दिया था कि वे इसका उपयोग जरूरत पड़ने पर ही करेंगे। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले नियामक कदमों की लागत पर भी विचार किया जाना चाहिए। आरबीआई ने कहा, बैंक द्वारा पेश प्रस्तुतियों और किए गए सुधारात्मक उपायों के आधार पर स्वयं को संतुष्ट करते हुए रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगाए गए उपर्युक्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया है।

## गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा आरबीआई



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के बैंक नोट जल्द ही जारी करेगा। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकान्त दास का स्थान लिया था। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को बयान में कहा, 'इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपये के बैंक नोटों के समान होगा।' भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व में जारी किए गए 50 रुपये मूल्य के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## सहकारी डेटाबेस लगभग तैयार, सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना का विधेयक जल्द पारित होगा: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस लगभग तैयार हो चुका है और सहकारी समितियों के बारे में जानकारी एक क्लिक पर ही उपलब्ध है। शाह ने मंगलवार को सहकारिता मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की पहली बैठक में यह जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक विधेयक जल्द ही संसद में पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि सहकारी क्षेत्र को कॉरपोरेट क्षेत्र के समान अवसर मिलें। शाह ने कहा, 'देश में सहकारिता के विकास में व्याप्त क्षेत्रीय असमानता को देखते हुए सरकार सभी राज्यों में समान संतुलित विकास लाने के लिए विशेष कदम उठा रही है।' सहकारिता क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमशक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा कि उनके मंत्रालय ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक विधेयक पेश किया है और 'इसे जल्द ही संसद में पारित किया जाएगा।' इस विश्वविद्यालय की स्थापना से सहकारी क्षेत्र में




प्रवेश करने वाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, लेखा, प्रशासनिक ज्ञान और प्रशिक्षण मिलेगा। इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, शाह ने संसदीय समिति को बताया कि कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (कृभको), भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और अन्य संघों के सहयोग से सहकारिता से जुड़े राष्ट्रीय महासंघों के तेजी से विकास के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने रिजर्व बैंक और आयकर विभाग के साथ मिलकर 'कॉरपोरेट और सहकारी क्षेत्रों के लिए एक कर ढांचा' बनाने के लिए कदम उठाए हैं। सहकारी क्षेत्र में निर्यात, जैविक उत्पादों और उन्नत बीजों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समृद्धि लिमिटेड (बीबीएसएसएल) जैसे राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से आने वाले वर्षों में सहकारी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को 'लाभप्रद' बनाने के लिए बनाए गए आदर्श उपनियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। पैक्स समितियों को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब उन्होंने जन सेवा केंद्र, जन-औषधि केंद्र और अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है।

### डीजीजीआई पुणे ने 1,196 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी का पता लगाया

**नयी दिल्ली :** जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की पुणे क्षेत्र की इकाई ने 1,196 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पुणे, दिल्ली, नोएडा और मुजफ्फरनगर में कई स्थानों पर चलाए गए तलाशी अभियान से फर्जी कंपनियों के एक ऐसे नेटवर्क का पता चला है जो फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेनदेन में शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, आरोपियों ने फर्जी कंपनियां बनाई थीं जो किसी भी तरह के वैध कारोबार संचालन से नहीं जुड़ी थीं। इन कंपनियों के नाम पर इस नेटवर्क ने 1,196 करोड़ रुपये के नकली आईटीसी का लाभ उठाने और उसे पास करने में मदद की।

## शेयर बाजार में लगातार छठे दिन गिरावट जारी, सेंसेक्स 122 अंक फिसला

### छह दिनों की गिरावट से निवेशकों को 18 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई :** विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और व्यापार युद्ध गहराने की आशंकाओं से परेशान घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 122 अंक और निफ्टी 26 अंक के नुकसान पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स आखिरी घंटे में खरीदारी आने से अपनी भारी गिरावट से उबरने में सफल रहा और 122.52 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,171.08 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय भारी दबाव में रहा और एक



समय 905.21 अंक गिरकर 76,000 के स्तर से नीचे 75,388.39 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 26.55 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.45 अंक गिरकर 22,798.35 पर आ गया था। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। चार फरवरी से अब तक सेंसेक्स 2,412.73 अंक यानी 3.07 प्रतिशत गिर चुका है जबकि निफ्टी को 694 अंक यानी 2.92 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही।

## न्यूज अपडेट

### सोना 340 रुपये टूटा, चांदी में 600 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली :** कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 340 रुपये घटकर 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 340 रुपये घटकर 87,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, बुधवार को चांदी की कीमत 600 रुपये बढ़कर 97,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण (जिंस एवं मुद्रा) विभाग के उपाध्यक्ष, जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'कॉमेक्स और एमसीएक्स दोनों में कीमतों में कमजोरी आने के साथ सोने के मूल्य में गिरावट आई। एमसीएक्स में सोने में गिरावट कुछ अल्पकालिक दबाव का संकेत देती है।'

### डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे टूटकर 86.95 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** रुपये में तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा। डॉलर की मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत पूंजी निकासी के कारण बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 16 पैसे टूटकर 86.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, रुपया शुरू में मजबूत रहा, लेकिन अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों के कारण इसमें गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय मुद्रा मजबूत खुला और कारोबार के दौरान दिन के उच्चतम स्तर 86.36 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। लेकिन शेयर बाजार में गिरावट और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की पूंजी निकासी के कारण यह तेजी कायम नहीं रह सकी और रुपया 86.95 प्रति डॉलर के निम्न स्तर पर पहुंच गया। अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 66 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.79 पर बंद हुआ था। रुपये में तीन मार्च, 2023 के बाद से एक दिन की अधिकतम तेजी थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.3 प्रतिशत पर आई

**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली, 12 फरवरी (भाषा) जनवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई जो पांच महीनों का निचला स्तर है। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडों और दालों की कीमतों में कमी के कारण आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में 5.22 प्रतिशत और जनवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर रही थी। इससे पहले सबसे कम मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अक्टूबर से ही गिरावट पर है। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 6.02 प्रतिशत थी, जो अगस्त, 2024 के 5.66 प्रतिशत के बाद सबसे कम थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर, 2024 की तुलना में जनवरी, 2025 की कुल मुद्रास्फीति में 0.91 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह अगस्त, 2024 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4148 अंक 298, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in